जनपद में कृषि उत्पादन आवश्यकता से कम मात्रा में होता है। खाद्यान्न के मामले में जनपद बाहर से आयातित खाद्यान्नों पर निर्भर रहता है। अतः उत्पादन को संगृहीत करने की समस्या नहीं है। इस प्रकार विपणन की समस्या भी कृषि के क्षेत्र में नहीं है। जनपद का काटेदार दुगड्डा विकास खण्ड ही बाजार या मण्डी क्षेत्र है। खाद्यान्नों की पूर्ति हेतु बाहरी जिलों से खाद्यान्नों का आयात व्यापारिक वर्ग करते हैं। जिनके अपने निजी गोदाम हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में मुख्यतः खाद्यान्नों का आयात, जिला आपूर्ति विभाग के माध्यम से होता है। जिनका काम अधिकतर किराये के लिये गये गोदाम से होता है। जिले में खपत एवं आपूर्ति विभाग के 22 गोदाम हैं। जिनकी संरक्षण क्षमता 4412 मि० टन है। 3 क्रय विक्रय सहकारी समितियाँ भी हैं। भारतीय खाद्य निगम के गोदाम 2407 मि० टन के है। वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के एक गोदाम जिसकी संरक्षण क्षमता 240 मि० टन है। अन्य विभाग (आवश्यक वस्तु निगम पी० सी० एफ० आदि के 01 संग्रहण क्षमता 160 मि० टन है। जनपद में कृषि उत्पादन सहकारी समिति भी कार्यरत है।

कृषि रक्षा :

वर्ष 1988–89 में 11126 कुन्तल बीजों को रोग रहित कर बोया गया। तथा 20949 हे० भूमि में पौधों की सुरक्षा की गयी। जनपद में 16 स्प्रेयर्स भी वितरित किये गये।

भूमि संरक्षण कार्यक्रम :

वर्तमान समय में यह कार्य जनपद में भूमि संरक्षण विभाग एवं वन विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। यह इकाइयां स्वतन्त्र डाल के समेट के आधार पर वर्नीक्रण, उद्यानीकरण चारागाह विकास दीवालबन्दी, भूमि समतलीकरण के आधार पर कई प्रकार के भूमि संरक्षण विभाग द्वारा बर्ष 88--89 में 1815 हैक्टियर भूमि में सर्वेक्षण एवं नियोजन कार्य किया गया है। 17.60 हे० विकास नाली निर्माण एवं 68 पक्की संरचनायें की गयी।

उद्यान एवं सब्जी उत्पादन :

कृषि की अपेक्षा क्षेत्रफल एवं सब्जी उत्पादन के लिये अधिक उपयोगी है। मैदानी एवं ऊँचाई वाले क्षेत्रों में अलग-अलग जलवायु होने के कारण सब्जी उत्पादन यहां पर साल भर चल सकता है। मटर, गोभी, घाटी क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम में होती है तथा गर्मियों में ऊँचाई वाले भागों में उगायी जाती है जिसका अधिकतर बाजार मूल्य उस मौसम में प्राप्त किया जा सकता है किन्तु सिंचित क्षेत्र कम होने से कार्यक्रम को अधिक तीव्रता से नहीं अपनाया जा सकता है। वर्तमान में उन्नत काश्तकार पानी के छोटे-छोटे श्रोतों हौजों नालियों से जोड़कर इस कार्यक्रम को बढ़ावा दे रहें है। फिर भी पहाड़ के छोटे-छोटे नगरों व कस्बों में सब्जी की आपूर्ति अधिकतर मैदानी भागों से हो रही है। यदि इस कार्यक्रम को बढ़ावा देने के प्रयत्न यदि ठोस ढंग से किया जाय और प्रचार प्रसार हेतु अच्छे प्रदर्शन किये जांय तो यह कार्य यहां पर बहुत उन्नति कर सकता है और कृषि की अपेक्षा अधिक लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इसी प्रकार उद्यान विकास के अन्तर्गत अधिक से अधिक क्षेत्र का आच्छादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही भूक्षरण की समस्या कुछ हद तक समाप्त हो सकती है। वर्ष 1988--89 में 6.60 हजार हेक्टियर क्षेत्र को शाक भाजी के अन्तर्गत लाया गया जिसमें 18.20 हे० मी० टन उत्पादन हुआ तथा फलोउत्पादन में 20.85 हजार हेक्टियर क्षेत्रफल के अन्तर्गत 37.57 हे० मी० टन उत्पादन किया गया। इस प्रकार शाक भाजी के अन्तर्गत प्रति हेक्टियर उत्पादन 3.0 मि० टन तथा फलोत्पादन के अन्तर्गत प्रति हेक्टियर उत्पादन 1.8 मि० टन रहा।

पशुपालन

जनपद में पशुपालन का अत्यधिक विकास नहीं है। जनपद में पशुधन एवं कुक्कुट आदि पक्षियों की संख्या को निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है—

जनपद में पशुधन एवं कुक्कुट आदि पक्षियों की संख्या पशुगणना

वर्ष	गोजातीय देशी				गोजातीय क्रासवीड दोगली			
	3 वर्ष से अधिक नर	3 वर्ष से अधिक मादा	बछड़े एवं मादा	कुल	3 वर्ष आयु के नर	3 वर्ष से अधिक के मादा	बछड़ा एवं बछियाँ	कुल
1978	115131	46183	43191	304505	—	—	—	—
1982	110746	142053	11306	375105	2699	1702	1679	608
1988	98262	127209	99929	325400	1309	1280	913	350

महिला जातीय

वर्ष	गोजातीय	3 वर्ष से अधिक नर	3 वर्ष से अधिक मादा	पडवाँ और पडवी	कुल	देव	मेड क्रामवीड
1978	304505	1875	43824	5363	1062	42914	—
1982	381185	1504	45513	24201	71218	44845	3983
1988	328902	3371	34171	20885	58427	31260	2360

वर्ष	कुल भेड़	कुल बकरा, एवं बकरियाँ	कुल घोड़े	सुअर देशी		सुअर कुल	कुल अन्य सुअर पशु	कुल
1978	42914	189076	724	50	—	150	113047	701470
1982	48820	179080	693	357	140	497	556	682057
1988	33620	152980	931	1497	184	1681	6399	582940

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016 D—7828
DOC, No .....
Date 27-10-93

उपरोक्त तालिकाओं से स्पष्ट होता है कि जनषद में पशुगण पर हर वर्ष उत्तरोत्तर वृद्धि नहीं हो पा रही है। यहां तक उनकी संख्याओं में उत्तरोत्तर ह्रास हो पा रहा है।

जनपद में 1988 की पशु गणना के अनुसार गोजातीय देशी 732500 गोजातीय क्रासवीड (दोगली) 3502 महिला जातियां 58427 देशी 31260 भेड़ क्रासवीड 7360 भेड़ 33620 बकरा बकरियां 152980 घोड़े 931 सुअर देशी 1497 सुअर क्रासवीड 1681 सुअर 6399 कुल 582940 है।

जनपद में 1978 व 1982 में क्रमशः कुल पशु 701470 तथा 682057 है।

वर्ष	कुल मुर्गे मुर्गियाँ एवं चूजे	अन्य कुक्कट	कुल कुक्कुट
1978	30273	10289	40562
1982	39607	—	39607
1988	36267	73	36340

जनपद में पशु चिकित्सालय एवं अन्य सेवाएँ :

जनपद में पशु चिकित्तसालय एवं अन्य सेवाओं को निम्नलिखित सारिणी में देखा जा सकता है।

जनपद में पशु चिकित्सालय एवं अन्य सेवाएँ

वर्ष	पशु चिकि०	पशुधन विकास क्षेत्र	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र/उप्र०	पशु प्रजननी	भेड़ वि० क्षेत्र	सुअर वि० क्षेत्र	पिगरों युनिट	फोल्ट्री युनिट
1986–87	26	62	10	—	07	—	43	747
1987–88	32	68	32	—	07	—	43	747
1988–89	32	68	34	—	08	—	43	902

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में कुल 32 पशु चिकित्सालय पशु-धन विकास केन्द्रों की संख्या–68 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र/उपकेन्द्र 34 भेड़ विकास केन्द्र 08 गिगरों यूनिट संख्या–38 पोल्ट्री यूनिट संख्या–6।4 है।

इन सभी केन्द्रों में वर्ष 1988–89 में 1, 05768 पशुओं की चिकित्सा की गयी तथा रोगों से रोकथाम की गयी 60439 विविध रोगों के टीके लगाये 1797 पशु कृत्रिम रूप से तथा 3128 पशु नैसर्गिक रूप से गर्भित किये गये।

इसके अतिरिक्त जनपद में सीमान्त एवं लघु कृषकों की आय में बृद्धि करना तथा उन्हें सहायक धन्धों एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना भी है पशुपालन कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में है। वर्ष 1988–89 में लघु एवं सीमान्त कृषकों को एकीकृत ग्राम्य विकास योजना में 1184 दुधारू पशुओं का वितरण किया गया, 13 कुक्कुट इकाइयों की स्थापना की गयी इसी प्रकार 2713 परिवारों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया।

दुग्ध सम्पूर्ति की दृष्टि से जनपद की स्थिति अत्यन्त अविकसित एवं चिन्ताजनक हैं। 17 दुग्ध सहकारी समितियों का जिले में गठन किया गया जिनकी सदस्यता 1000 है। वर्ष 1988–89 में इन समितियों द्वारा 1.20 लाख लीटर दुग्ध की सम्पूर्ति की गयी तथा 1640 हजार रुपये मूल्य का उत्पाद किया गया। अभी इस क्षेत्र में यथेष्ठ उपलब्धि हेतु काफी प्रयास की आवश्यकता है ग्रामीण क्षेत्र में यातायात की सुविधा से तथा ग्रामों में उन्नत नसल के पशुओं की कमी एवं हरे चारे की कमी है। जिससे दुग्ध सम्पूर्ति अभी तक अविकसित दशा में है। पशुपालन विभाग एवं दुग्ध विकास के सुदृढ़ प्रयासों से ही इस कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वानिकी

जनपद पौड़ी गढ़वाल में 455186 हे० भूमि वनों के अन्तर्गत आती है जबकि जनपद का कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल 742607 हे० है इससे स्पष्ट होता है कि कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल 61 प्रतिशत भाग में वन है।

वन यहाँ की प्रमुख प्राकृतिक सम्पदा है। वनों का इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था से गहरा सम्बन्ध है। वनों के द्वारा ही यहाँ की जल सुलभता, भूमि की सुरक्षा पर्यावरण सन्तुलन इत्यादि से गहरा सम्बन्ध है। वनों के क्षेत्रफल में वन विभाग के प्रबन्ध के अन्तर्गत 366212 हे० क्षेत्रफल लाया जा रहा है। शेष भूमि में सामान्य छोटे-छोटे पेड़ अथवा बन्जर व अनुपयोगी झाड़ियाँ हैं। इनकी सघन वनीकरण करना व वनों का संरक्षण होना परमावश्यक है।

वनों का सीधा लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पाता है केवल मवेशियों को चारे के लिए घास पत्ती एवं ईधन के लिए लकड़ी आदि ही मिल पाती है। इसके अतिरिक्त विभागीय मानकों से प्रतिवर्ष वनों में उपयोगी कार्यों हेतु लकड़ी इमारती लकड़ी तथा चीड़ के पेड़ों से लीसा प्राप्त किया जाता है—

वनों से वर्ष 88–89 एवं 89–90 में उत्पाद गढ़वाल वन प्रभाग को प्राप्त हुआ—

	1988–89	1989–90
1. लीसा	3058.43	2788–27.25 कुन्तल
2. चीड़	6086.3077 घन मी०	4960909 घन० मी०
3. जड़ी बूटी	1017 कुन्तल	1117 कुन्तल
4. देवदार		17.1177
5. फर		284382
6. सुरई		6.005

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि वन प्रभाग विभाग को वनों से उपरोक्त उत्पाद प्राप्त हुए। वनों के प्रतिवर्ष दोहन से भविष्य के लिए बढ़ते हरे वन आश्रित उद्योगों की पूर्ति तथा ईधन के लिए उपयोगी वनों वृक्षों का रोपण बहुत किया जा रहा है इसके लिए बृहद वृक्षारोपण सामाजिक वानिकी तथा विभागीय कार्यक्रमों में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। 88--89 में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 10406 हेक्टियर भूमि में 207 लाख पौधे रोपित किये गये।

जनपद पूर्णतया पर्वतीय होने के कारण मत्स्य पालन का कोई कार्यक्रम नहीं है।

खनिज

कतिपय जनपद के पुराने अभिलेखों से विदित है कि जनपदमें चूना, पत्थर, लोहा, तांबा, सीसा तथा सोना पाये जाने की सम्भावना है किन्तु जनपद में कोई खनिज नहीं पाया जाता है। दूधातोली पर्वत के दक्षिण भाग में चाँदी, जस्ता और सीसा विद्यमान है। यातायात एवं आवश्यक सर्वेक्षण के आभाव में यहाँ पर कोई लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है, परन्तु सम्भावना की जा रही है कि भविष्य में यातायात की सुविधा हो जाती है तो सर्वेक्षण कार्य में प्रगति ला कर खनिजों की खोज की जा सकती हैं। वर्तमान समय में भूगर्भ शास्त्री इस जनपद में जहाँ यातायात की सुविधा उपलब्ध है वहाँ पर अपने सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं क्योंकि यहाँ पर अत्यन्त दुर्गम स्थान हैं, जहाँ पर जाना बड़ा मुश्किल एवं असम्भव सा है, जहाँ पर खनिजों के भण्डार होने के प्रमाण हैं।

उद्योग धन्धे

औद्योगिक क्षेत्र एवं औद्योगिक आस्थान, उद्योगों की महत्ता को देखते हुए सरकार ने इस जनपद में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की व्यवस्था की है। उद्योगों में क्रान्ति की सम्भावनाओं को देखते हुए उ० प्र० सरकार राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रत्येक जनपद मे उद्योगों को विकसित करने की पहल की है। उसी के परिप्रेक्ष में पौड़ी जनपद में भी औद्योगिक आस्थानों की स्थापना की जा रही है। नये उद्यमों को जोखिम भरे उद्योगों के स्थान पर लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं। तथा अनुकूल परिस्थितियाँ व सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही हैं। जनपद में औद्योगिक आसंस्थानों में बचे हुए भूखण्ड शीघ्र ही उद्यमियों को आबंटित हो जायेंगे। इसके लिए सरकार की ओर से प्रयास जारी है।

साथ ही सरकार प्रत्येक विकास खण्ड में एक मिनी औद्योगिक आस्थानों की स्थापना की योजना बना रही है। जिससे वहाँ के ग्रामों के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके तथा उनका विकास किया जा सके। इसके लिए सरकार प्रत्येक विकास खण्ड में अच्छी परिवहन व संचार व्यवस्था उपलब्ध करवा रही है।

आद्यौगिक आस्थानों का विवरण

क्र० सं०	औद्योगिक आस्थानों का नाम	सैड	प्लाटों की संख्या
1—	सिताबपुर कोटद्वार गढ़वाल (07 एकड़)	8	26
2—	श्रीकोट गंगानाली श्रीनगर गढ़वाल		इसमें 11 एकड़ भूमि उपलब्ध है जिसमें से 4,29 एकड़ भूमि पर्वतीय विकास विभाग को मिनी सचिवालय हेतु कब्जा दिया जा चुका है। शेष भूखण्ड का विकास कार्य यू० पी० एस० आई० डी० सी० द्वारा प्रारम्भ किया जा चुका है।

उ० प्र० सरकार द्वारा किये जा रहे विकसित औद्योगिक क्षेत्र

क्र० सं०	औद्योगिक क्षेत्र का क्षेत्रफल	शेडों की संख्या	प्लाट संख्या
1—बलभद्रपुर कोटद्वार 27 एकड़		20 शेड	84
2—जसोधरपुर कोटद्वार 78 एकड़			80 प्रतिशत आबंटित निगम द्वारा इसका विकास कार्य किया जा रहा है।

मिनी औद्योगिक आस्थानों की प्रगति

क्र. सं.	वर्ष	स्थल	प्रगति
1.	1985-86	1. लैन्सडाउन 2. जयहरीखाल	निजी भूमि का चयन हो चुका है तथा शीघ्र अधिग्रहण प्राप्त होने की सम्भावना है।
2.	1986-87	1. दुगड्डा-1 2 ऐकेश्वर 3. पौड़ी	भूमि चयन का कार्य प्रगति पर है। भूमि विकास हेतु यू.पी.एस.आई.डी.सी. को हस्तान्तारित की जा चुकी है।
3.	1987-88	1. खिर्सू 2. द्वारिखाल	राजस्व विभाग की धारा—17 (4) का प्रकाशन हो चुका तथा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।
4.	1988-89	1. कल्जीखाल 2. पोखड़ा 3. पौड़ी।	भूमि चयन के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के माध्यम से कार्यवाही चल रही है।

वृहत एवं मध्यम उद्योग :

जनपद में बड़े तथा मध्यम स्तरीय कई उद्योग स्थापित हो रहे हैं जो कि कृषि, वस्त्र, वन, पशुधन, खनिज, एवं रसायन पर आधारित हैं। जिससे यहां के अधिक से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हो सके।

जनपद सें वर्तमान में स्थिति वृहत एवं मध्यम उद्योगों के नाम, स्थान, उत्पादन पूंजी, विनियोजन, एवं रोजगार सृजन कच्चे माल की आवश्यकता वित्तीय संस्थान आदि का विस्तृत विवरण निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है।

बृहत एवं मध्यम उद्योग

क्र.सं.	उद्योगों का नाम	स्थान	उत्पादित वस्तु	वार्षिक क्षमता लाख रुपये	पूंजी	विनियोजन	रोजगार	कच्चे माल की
1	2	3		4	5	6		7
1.	मै. भारत इलैक्ट्रोनिक लि. बलभद्रपुर कोटद्वार वृहत (उद्योग)	पी.सी.एम. आर.आर. बी.ई.एल.टी.		1951.5	2000.00	482		जनपद में माल स्थानीय श्रोतों से न उपलब्ध होने के कारण इकाइयों को माल जनपद के बाहर से मंगाना पड़ता है।
2.	मै. पलशडोर फैक्ट्री कोटद्वार गढ़वाल मध्यम उद्योग	पलशडोर	पैकिंग केसेज	250.00	200.00	200		
3.	मै. इण्डिका केमिकल इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. कोटद्वार	परलाइट	फिल्टराईज्ड एक्सपेडैन्ड प्रोडक्ट्स	150.00	125.00	20		
4.	मै. स्वास्तिक पेलीरेप प्रा.लि. कैण्डी रोड	वोवन सेक्स	पेचरिक टेप	120.00	125.00	15		

जनपद में चार ही बृहत एवं मध्यम स्तरीय औद्योगिक इकाइयां ही कार्यरत हैं। इनमें मात्र 712 लोगों को ही रोजगार मिल पाया है। जनपद में कच्चे माल की उपलब्धता न होने के कारण कोई भी उद्योग विकसित नहीं हो पा रहा है। कच्चा माल बाहर से ही आयात करना पड़ता है जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाती है।

जनपद में स्थापित होने वाले बृहत एवं मध्यम उद्योगों में 16 उद्योग लगाये जायेंगे और जिनमें 172,48,000 रुपये की पूंजी लगायी जायेगी और 370 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा इनमें से केवल एक ही इकाई जनपद में स्थापित हुई है। शेष उद्यमियों ने अभी तक उद्योग स्थापित नहीं किये हैं।

कार्यान्वयन के अन्तर्गत वृहत एवं मध्यम स्तरीय इकाईयां :

दीर्घ एवं मध्यम उद्योग को लगातार उत्पादन बढ़ाने एवं बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिये उद्योग विभाग महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, सरकार द्वारा भी अर्द्ध संरचनात्मक उद्योगों को विकिसित करने के लिये प्राथमिकता दी जा रही है ।

पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण जनपद में विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वयन के अन्तर्गत वृहत एवं मध्यम स्तरीय इकाइयों का विवरण निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है—

क्र.सं.	उद्योगों का नाम	पूंजी विनियोजन लाख रुपये में	रोजगार	कार्य का विवरण
1	2	3	4	5
1.	मै. दुर्गाटेक्सटाइल कोटद्वार	25.0	25	टैक्सटाइल सिंथेटिक
2.	मै. मोहन वायर इण्डस्ट्रीज कोटद्वार	4.20	10	वायर ड्राइंग
3.	मै. एन.एस. इलैक्ट्रोनिक्स कोटद्वार	4.80	10	केबिनेट फोर कोलक्स
4.	मै. रूचिका इण्टरप्राइजेज ,,	10.70	15	नाइलोन काटन सौ
5.	मै. कोटद्वार केमिकल्स ,,	2.0	16	सलफर रोल
6.	मै. अपहित लैबोरेट्रीज ,,	9.0	10	कान्टेक्ट लैंस
7.	मै. जूपिटर इण्डस्ट्रीज ,,	10.00	15	नौनफियरस वायर ड्राइविंग एवं पी.बी.सी केबिल
8.	मै. ए.बी.एम. इण्डस्ट्रीज ,,	34.00	34	यूटेसिल सर्किल एण्ड सीट्स
9.	मै. गढ़वाल मेंटल इण्डस्ट्रीज ,,	25.00	24	ब्रास ट्यूब
10.	मै. राहुल आइस फैक्ट्री ,,	5.00	25	आइस एण्ड आइसक्रीम
11.	मै. हिलस्टेट फूड इण्ड. केसरपुर पौड़ी	5.20	20	कनफेक्सनरी
12.	मै. गढ़वाल मेटल इण्ड. कोटद्वार	7.60	24	ब्रास टियूब
13.	मै. कोटद्वार ऑयल एक्सट्रेंशन ,,	18.35	18	एसेन्सियल आयल
14.	मै. भागीरथी प्लाईवुड प्रा.लि. ,,	34.00	70	प्लाइवुड
15.	मै. सिंह वायर इण्ड. कोटद्वार	6.70	10	पी.बी.सी. वायर

16.	मै. रानीगंज केमिकल्स प्रा.लि. ,,	32.00	70	सोडियम डाईक्रोमा एण्ड सोडियम सल्फेट
17.	मै. शिवालिक सीमेन्ट प्रा.लि. कोट-	30.00	25	सीजन्ट विल्डरपोटी
18.	मै. पूरन इण्ड. कोटद्वार	2.93	11	सत्ता मैनुयुफैक्चरिंग
19.	मै. पारस प्रोडक्टस कोटद्वार	14.15	10	सोयाबीन
20.	मै. हिल अभियांत्रिक कोटद्वार	2.70	49	टी.बी. कलम्बाइंड

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि अधिकांश औद्योगिक इकाइयां दुगड्डा विकास खण्ड व कोटद्वार में स्थित है क्योंकि कोटद्वार मैदानी भाग हैं यातायात का केन्द्र है. उद्योगों के लिये यहां पर कच्चा माल इत्यादि सुविधा से प्राप्त होता है कोटद्वार तक रेलवे लाइन है जहां पर कच्चा माल रेलवे द्वारा सुविधा से मंगाया जा सकता है ।

लघु स्तरीय उद्योग

जनपद पौड़ी गढ़वाल में पहले उद्योगों के नाम पर सिर्फ कृषकों द्वारा हस्तकला में निर्मित वस्तुयें बनायी जाती थी इनमें मुख्यत: बढ़ईगिरी आदि की बस्तुयें बनायी जाती थी लेकिन वर्तमान समय में परिस्थितियां बदल चुकी हैं सरकार लघु उद्योगों को स्थापित करने के लिये उद्यमियों को हर सम्भव सहायता प्रदान कर रही है । जनपद पौड़ी गढ़वाल में अब तक बहुत सारे उद्योग स्थापित हो चुके हैं लघु उद्योगों के क्षेत्र में जनपद में पिछले वर्षों की अपेक्षाकृत उद्योग प्रगति पर है । इन उद्योगों से यहां की क्षेत्रीय जनता को रोजगार प्राप्त हो रहा है ।

इस समय जनपद में 1227 लघु उद्योग स्थापित हो गये हैं जिनमें लगभग 52700 व्यक्तियों को रोजगार तथा 5 करोड़ रुपये का पूंजी विनियोजन हुआ है वर्गवार इकाइयों का विश्लेषण निम्नवत् है ।

वर्गवार

क्र.सं.	उद्योगों का नाम	संख्या	प्रमुख उद्योग
1.	2	3	4
1.	कृषि पर आधारित	110	राइस मिल, दाल मिल, कृषि यंत्र, तेल, तम्बाकू, गता उद्योग,
2.	वन आधारित	150	आरा मिल, लकड़ी का फर्नीचर, बांस रस्सी सुतली, भवन, सामग्री पेन्सिल स्टेशनरी ।

1	2	3	4
3.	खानिज पर आधारित	20	सीमेन्ट, जाली, चूना उद्योग
4.	पशु पर आधारित	50	चर्म कला उद्योग, कलात्मक वस्तुएँ, अटैची, सूटकेस उद्योग ।
5.	मैकेनिकल पर आधारित	150	बस बाड़ी मेकर, टिन, कन्टेनर्स, कृषि यन्त्र डीजल, इंजन, लोहे की कील, बिण्डोगेट, ग्रिल स्टील, फर्नीचर, आलमारी, बक्शे, कुर्सी, रिपिट, नट बोल्ट इत्यादि ।
6.	इलेक्टिकल/इलेक्ट्रानिक्स पर आधारित	50	रेडियो रिपेयरिंग, मोटर वाइंडिंग, टी० वी० रिपयरिंग, एन्टीना, बैटरी, इत्यादि ।
7.	रसायन पर आधारित	50	आयुर्वेदिक दवाइयाँ, चूर्ण अगरबत्ती, धूप रोशनायी, साबुन, फिनाइल, सुगन्धित तेल, सौन्दर्य प्रशाधन, डिटरजेन्ट पाउडर, टरपिन टाइन, वार्निस, पेन्ट इत्यादि ।
8.	टैक्सटाइल पर आधारित	50	हथकरघा, ऊनी शाल, कालीन, मफलर, सिले सिलाये वस्त्र, बेड शीट, जुराफ, स्वेटर इत्यादि ।
9.	खाद्य पर आधारित	236	पापड़, बड़ी, कन्फैक्सनरी, डबलरोटी, लेमन, मिर्च मसाला, उद्योग अचार, मुरब्बा आलू, चिप्स, बेकरी, आटा चक्की इत्यादि ।
10.	प्लास्टिक/रबड़ पर आधारित उद्योग	20	पी० बी० सी० सूच, फुटवियर, इकाई चप्पल, पालिथिन बैग, शीटस टायर, रिट्रिडिंग, सुतली, प्लास्टिक केन इत्यादि ।
11.	विविध		साइकिल रिपेयरिंग, आटोमोबाइल्स, वर्कशाप, फाउटेन पेन, स्टेशनरी, प्रिंटिंग प्रेस इत्यादि ।

जनपद पौड़ी गढ़वाल में कुल 1227 लघु औद्योगिक इकाइयाँ कार्यरत हैं । ये प्रमुखतया कोटद्वार विकास खण्ड दुगड्डा में स्थित हैं इसमें लगभग 5276 व्यक्ति रोजगार में लगे हुए हैं ।

लघु उद्योगों की प्रगति :

जनपद में लघुस्तरीय उद्योगों की प्रगति विकास खण्डवार निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है—

विकास खण्डवार उद्योगों की प्रगति

क्र० सं०	विकास खण्ड	1. 4. 85	85--86	86--87	87--88	88--89	89--90
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	दुगड्डा	104	28	47	58	60	64
2.	यमकेश्वर	11	01	01	02	03	04
3.	जयहरीखाल	41	19	05	06	10	12
4.	द्वारिखाल	12	01	11	10	10	08
5.	रिखणीखाल	16	15	11	12	10	10
6.	कल्जीखाल	10	02	03	05	08	09
7.	ऐकेश्वर	23	11	04	07	10	09
8.	पोखड़ा	06	09	09	10	10	11
9.	पावौ	10	03	03	02	08	02
10.	पौड़ी	39	09	08	07	10	11
11.	थलीसैंण	18	03	03	04	05	04
12.	नैनीडांडा	19	03	08	09	09	06
13.	वीरौंखाल	21	12	07	06	12	13
14.	खिर्सू	23	11	20	15	09	05
15.	कोट	08	01	03	08	03	07
योग कुल इकाइयाँ		361	128	143	161	177	180
रोजगार सृजन		2049	360	456	494	850	895

उपरोक्त तालिका से भी स्पष्ट होता है कि लघुस्तरीय उपयोग अधिकांशत: दुगड्डा विकास खण्ड में स्थापित हैं। और सबसे कम यमकेश्वर बिकास खण्ड में स्थित हैं। लघु औद्योगिक इकाइयों की स्थापना विकास में वित्त पोषण का कार्य उ० प्र० वित्त निगम, राष्ट्रीयकृत बैंक, एवं सरकारी विभाग आदि कर रहे हैं। कच्चा माल स्थानीय रूप से जनपद में सुलभ न होने के कारण इकाइयों द्वारा कच्चा माल जनपद से बाहर खुले बाजार एवं हिन्दुस्तान स्टील ऑथारिटी इण्डिया आयात एवं अन्य श्रोतों से विभागों के माध्यम से अथवा सीधे प्राप्त की जा रही है।

हैण्डलूम सैक्टर :

इस जनपद में हैण्डलूम को अभी उल्लेखनीय विकास नहीं हुआ है। कुछ विकास

खण्डों में हथकरघा बुनकरों द्वारा कुछ इकाइयाँ चलायी जा रही है, उ० प्र० हथकरघा विकास निगम जनपद में विकास के लिए प्रयत्नशील है। जिनमें बुनकरों को सूती धागा आदि उपलब्ध कराया जाता है। तथा वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस जनपद में गढ़वाल मण्डल अनुसूचित जनजाति विकास निगम भी हैण्डलूम को बढ़ावा देने में अग्रसर है।

खादी एवं ग्रामोद्योग :

खादी ग्रामोद्योग आयोग/खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु व्यक्तिगत तथा औद्योगिक सहकारी समितियों को सस्ती दर पर ऋण की आर्थिक सुविधा उपलब्ध करवायी जाती हैं। उद्योगों के विषय में प्रशिक्षण सुविधा भी दी जाती है सहकारी समितियों के सचिव को सहकारी प्रशिक्षण संस्थान कानपुर तथा इन्दिरा गांधी सहकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

निम्नलिखित तालिका से जनपद गढ़वाल में खादी ग्राम उद्योग द्वारा निम्न इकाइयाँ स्थापित की गयी हैं।

खादी एवं ग्रामोद्योग की इकाइयाँ

क्र० सं०	उद्योग का नाम	व्यक्तिगत	संस्था	समिति
1.	अनाज दाल प्रशोधन	98	10	—
2.	ग्रामीण तेलधानी	01	01	—
3.	तेल एवं साबुन	—	02	—
4	चमं उद्योग	129	—	—
5.	मौन पालन	27	—	12
6.	ग्राम कुम्हारी उद्योग	21	—	—
7.	लौह कष्ट कला	190	05	05
8.	रेशा उद्योग	35	—	—
9.	लीसा उद्योग	—	—	01
10.	एल्मूनियम बर्तन	01	—	—
11.	बांश बेत उद्योग	245	01	—
12.	फल प्रशोधन	11	—	—
13.	जड़ी बूटी संग्रह	—	01	—
14.	ग्राम शिल्प	—	01	01
15.	सेवा उद्योग	14	—	—
16.	अगरबत्ती	02	—	—
17.	इलैक्ट्रोनिक	01	—	—

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि खादी एवं ग्रामोद्योग की जनपद में लगभग 800 इकाइयाँ कार्यरत है तथा इनमें लगभग 1700 व्यक्ति रोजगार में लगे हुए हैं इन उद्योगों का विकास ग्रामीण क्षेत्र में अधिक है। नगरीय क्षेत्र में कम।

हस्तकला उद्योग :

जनपद में हस्तकला उद्योग भी थोड़ी बहुत मात्रा में विकसित है। निम्न तालिका से हस्तकला उद्योग की प्रगति को दिखाया जा सकता है—

हस्तकला उद्योग

क्र, सं.	उद्योगों का नाम	1988-89	1989-90
1.	वढ़ईगिरी	50	08
2.	लकड़ी की कलाकृतियाँ	20	08
3.	छपायी	15	04
4.	सिलाई कढ़ाई	15	05
6.	अन्य	50	05
योग—		150	30

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में हस्तकला उद्योग की लगभग 150 इकाइयाँ भी स्थापित हैं इस उद्योग को भी विकसित किया जा सकता हैं। इसके लिये जनपद में इच्छुक व्यक्तियों को प्रशिक्षण देकर इस उद्योग की बढ़ाया जा सकता है।

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना एवं ट्राइसेम योजना प्रगति :

क्र. सं.	योजना का नाम	वर्ष 1988-89	उपलब्धि
1.	आई. आर. डी. उद्योग	900	1190
2.	सेवा एवं व्यवसाय	1350	1414
3.	ट्राइसेम प्रशिक्षण	600	701
4.	स्थापित इकाइयाँ	180	135

उपरोक्त तालिका से जनपद की एकीकृत ग्राम्य विकास योजना एवं ट्राइसेम योजना की प्रगति लक्ष्य के विपरीत अधिक ही है।

शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वत: रोजगार योजना :

इस योजना के अन्तर्गत भी काफी बेरोजगार व्यक्ति इस जनपद में लाभान्वित हुए हैं। इस योजना से बेरोजगार हाईस्कूल पास युवाओं को रोजगार करने के लिये उद्योग, सेवा, व्यवसाय 25000/-, 15000/-, 35000/- तक का ऋण जिला उद्योग केन्द्र द्वारा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध किया जाता है जिस पर 25 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है। लिये गये ऋण पर 10 प्रतिशत ब्याज लगाकर आसान मासिक किश्तों में बैंकों को ऋण वापिस करना पड़ता है इस योजना में उपलब्ध कराये गये ऋण का विवरण निम्न तालिका द्वारा दर्शाया गया है।

क्र. सं0	रोजगार हेतु ऋण	83-84	84-85	85-86	86-87	87-88	88-89
1.	स्थापित उद्योग (लाभान्वित व्यक्ति सं०)	116	74	139	141	78	173
2.	पूंजी ऋण लाख रुपये	17	4.95	28.31	24.09	19.36	33.29

नगरीय क्षेत्र के दुर्बल वर्ग के व्यक्तियों को आर्थिक सहायता देने की योजना :

सरकार द्वारा संचालित नगरीय क्षेत्र के दुर्बल वर्ग के व्यक्तियों को आर्थिक सहायता देने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में 195 व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया गया जिस पर 8.87 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया वर्ष 1985-86 में इस योजना के अन्तर्गत 199 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया जिस पर 9.436 लाख रुपये का ऋण दिया गया। वर्तमान समय में यह योजना बैंकों द्वारा चलायी जा रही है।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम :

औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिये शासन द्वारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम सें उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यमियों को उद्योग स्थापना सें प्रोत्साहित करना एवं नयी तकनीकी बताकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। नयी तकनीकी बताकर उन्हें प्रशिक्षत किया जाता है। जिससे शिक्षित बेरोजगार नवयुवक इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित होकर औद्योगिक करण में सहायक सिद्ध हो रही हैं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 88-89 तथा 89-90 तक प्रगति निम्नानुसार है :—

क्र. सं.	वार्षिक लक्ष्य कुल प्रगति जनपद	वर्ष	6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम		15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम				
			लक्ष्य	उपलब्ध	परीक्षि. प्रशि.	लक्ष्य	उपलब्ध	प्रशिक्षण परीक्षिर्थी	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1 पौड़ी	1988-89	192	192	03	03	153	01	01	39
2.	1989-90	290	108	05	02	108	01	—	—

जनपद में नीचे दी गयी राज्यस्तरीय संस्थायें औद्योगिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

1. उ०प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम,
2. उ०प्र० का प्रादेशिक इण्डस्ट्रीयल एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन,
3. उ०प्र० वित्त निगम,
4. जनपद पौड़ी में यू०पी०एफ०सी० द्वारा औद्योगिक इकाइयों को स्वीकृत ऋण का विवरण।

क्र० सं०	वर्ष	इकाइयों की संख्या	धनराशि लाभ
1.	1985-86	10	31.135
2.	1986-87	23	55.032
3.	1987-88	03	3.320
4.	1988-89	12	29.000
5.	1989-90	04	19.500

5. उ०प्र० राज्य हथकरघा निगम,
6. उ०प्र० निर्यात निगम,
7. उ०प्र० टैक्सटाइल निगम,
8. उ०प्र० लघु उद्योग निगम,
9. उ०प्र० इलैक्ट्रोनिक्स निगम,
10. उद्योग निदेशालय,

11. उ०प्र० औद्योगिक परामर्श निगम,

12. उ०प्र० राज्य लैदर विकास मार्किटिंग निगम,

13. जिला उद्योग केन्द्र की नये उद्योग को बढ़ाने की योजना ।

उपरोक्त सभी संस्थायें औद्योगिक विकास में सहायक हैं जनपद में सभी कार्यरत इकाइयों को औद्योगिक विकास निगमों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है ये सभी निगम औद्योगिक इकाइयों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराना तथा परामर्श देना सभी कार्य करते हैं ।

संसाधन :

जनपद में विशेष कच्चा माल जिससे बड़ा उद्योग स्थापित हो सके उपलब्ध नहीं है केवल लकड़ी एवं खनिज पदार्थ ही यहाँ पर उपलब्ध हैं । किन्तु उनके दोहन/कटान पर प्रतिबन्ध होने के कारण उसकी उपलब्धता सम्भव नहीं है औद्योगिक इकाइयों को कच्चा माल उपलब्ध कराने हेतु उ०प्र० लघु उद्योग कारपोरेशन जिला उद्योग केन्द्र राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से एवं खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड द्वारा यह सुविधा प्रदान की जाती है । इसके अतिरिक्त कच्चा माल उद्योग निदेशालय उ०प्र० कानपुर द्वारा भी उपलब्ध कराया जाता है जैसे कोयला, सीमेन्ट एवं मोम का आबंटन भी मुख्यालय द्वारा किया जाता है । औद्योगिक इकाइयों को उत्पादित तैय्यार माल की बिक्री हेतु सहायता प्रदान की जाती है । तथा उत्पादित वस्तुओं का रेट कनट्रेक्ट कराने में सुविधा प्रदान की जाती है । पंजीकृत सामान पर प्रदेश के लघु उद्योग के माध्यम से बड़े उद्योगों के समक्ष 15 प्रतिशत वरीयता दी जाती है । पर्वतीय क्षेत्र में रोजगार दिलाने हेतु निदेशालय द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में कालीन बुनाई, शाल बुनाई, पापड़ी काष्ट कला एवं मूर्तियों आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को छात्र वृति भी दी जाती है तथा बाद में स्वंय अपना उद्योग स्थापित करने के लिये विभाग की ओर से उचित मार्ग दर्शन एवं आर्थिक सुविधा भी प्रदान की जाती है ।

क्र० सं	विकास खण्ड का नाम	संसाधन पर आधारित उद्योग	मांग पर आधारित उद्योग	कुशलता पर आधारित उद्योग
1	2	3	4	5
1	—दुगड्डा	राईस मिल, आयल सोयाबीन का तेल आदि	स्टी फर्नीचर इमारती सामान	प्रेशर कुकर, रेडियो, वी. टी. आदि की रेपे.

1 2	3	4	5
2—यमकेश्वर	बांश बेंत, दोना पत्ता, टोकरी, स्टोन क्रेसर	पैकिंग बाक्स मरम्मत आदि	पावर लूम टी० वी० हौजरी आदि ।
3—जहरीखाल	वन पर आधारित जड़ी बूटी पर आधारित	लैदर, सोल,चमड़े का सामान	इकाइयों का उत्पादन
4—द्वारिखाल	फ्रूटप्रेजरवेशन जड़ी बूटी आदि ।	खिलौना, रेडियो टी० वी० सामान	इंक, टूथपेस्ट, मंजन, सम्बन्धी
5—रिखणीखाल	वन की लकड़ी एवं जड़ी बूटी पर आधारित	स्टील फैब्रीरिकेशन रेडियो, टी० वी० रिपे.	रिपेरिंग
6—नैनीडांडा	दोनों पत्ता, स्टोन क्रेसर आदि ।	लैदर सूज, स्टील बाक्स फैब्रीकेशन	बॉक्स
7—वीरौंखाल	कार्ड बोर्ड, स्टोन क्रेसर, जड़ी-बूटी आदि ।	रेडिमेट गार्मेन्टस	रेडिमेड गार्मेन्टस हौजरी
8—पोखड़ा	सीमेन्ट ब्रिक्स, सीमेन्ट आदि	पॉवर लूम कृषि यन्त्र संयन्त्र	हौजरी उद्योग
9—कल्जीखाल	जड़ी.बूटी पर आधारित	पावर लूम कृषि यन्त्र	हौजरी, रेडिमेट गार्मेन्टस
10—ऐकेश्बर	जड़ी-बूटी पर आधारित	हिटर, पिनकुसन, टी.वी. सैट्स मरम्मत	कृषि यन्त्र, रेडियो गार्मेन्टस
11—पौड़ी	हौजरी, रेडिमेड गार्मेन्ट	पत्तल, रेडिमेड गार्वमेन्ट आदि ।	कृषि यंत्र, टी० वी० रेडियो, रिपेरिंग,

1 2	3	4	5
12—पावौ	वनस्पति जड़ी-बूटी पर आधारित	कृषि यंत्र, पिनकुशन आदि	स्टेबलाइजर, डिटर-जेन्ट पाउडर आदि ।
13—थलीसैंण	फूड प्रजेवेशन, वनस्पति एवं जड़ी बूटी	कृषि यंत्र, रेडियो, टी० वी० गार्मेन्टस	रेडियो,टी० वी० रिपेरिंग
14—खिर्सू	स्टोन क्रेसर, वनस्पति, जड़ी बूटियों पर आधा-रित	—	लकड़ी के समान दोनापत्ता बनाना
15—कोट	स्टोन क्रेसर, वनस्पति जड़ी बूटी	नट बोल्ट, स्टील फर्नी-वालस हीटर पोलीथीन बैग इत्यादि ।	चमड़े का सामान, पैंकिंग बाक्सेज,

शिक्षा

महाभारत में केदारनाथ खण्ड के चार विद्या केन्द्रों का वर्णन है उनमें से कर्णवा-आश्रम, भरतद्वाज आश्रम, बद्रीकाश्रम, एवं शुक्राश्रम, लगभग सभी युगों के प्रमाण यह सिद्ध करते हैं कि उत्तराखण्ड की तपोभूमि में सिद्धों सन्तों को सिद्धि मिली है यहाँ के सिद्ध पीठ शक्ति पीठ, अध्यात्म विद्या के केन्द्र थे। किन्तु आज या तो उनका अस्तित्व ही समाप्त हो गया है अथवा विस्मृत हो गये हैं। शोधकर्ताओं ने इस क्षेत्र के लगभग 121 गुरूकुलों का उल्लेख किया है।

सन् 1964 ई० तक जनपद में चमोली सहित 43 लोअर तथा प्राइमरी स्कूल थे। सन् 1871 में तीन मीडिल स्कूल थे और सन् 1910 तक 106 प्राइमरी स्कूल, 159 मीडिल स्कूल 37 अपर प्राइमरी स्कूल तथा दो हाईस्कूल थे।

स्वतन्त्रता प्राप्ति तक अंग्रेजों द्वारा जनपद में 525 प्राइमरी स्कूल 16 मीडिल स्कूल स्थापित किये जा चुके थे।

जनपद में स्वतंत्रता के बाद से आज तक शिक्षा में प्रगति :

जनपद पौड़ी गढ़वाल के शैक्षिक संस्थाओं की प्रगति निम्नलिखित तालिकाओं से स्पष्ट की जा सकती है :

क्र०सं०	विद्यालय	वर्तमान गढ़वाल धन चमोली केवल वर्तमान गढ़वाल में				
		1949	1959	1969	1979	1989
1.	जू० बेसिक स्कूल	610	750	926	1096	1322
2.	सि० बे० स्कूल	36	65	104	128	236
3.	हा० स्कूल, इण्टर कालेज	05	20	53	113	185
4.	महाविद्यालय	—	—	01	05	05
5.	विश्वविद्यालय	—	—	—	01	01
6.	संस्कृत विद्यालय	—	—	—	—	06
7.	दीक्षा विद्यालय	—	—	—	02	02

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् आज तक जनपद में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा प्रसार अत्यन्त तीव्र गति से किया गया विशेषकर सातवीं दशक में आज जनपद के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी माध्यमिक स्तर की शिक्षा सुविधा उपलब्ध है। विभाग एवं सरकार का यह एक सराहनीय कदम है।

जनपद में विकास खण्डवार मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाऐं

क्र. सं.	वर्ष	जू. बे. स्कूल		सि. बे. स्कूल		हा. इण्टर		महाविद्यालय	विश्वविद्यालय
		कुल		कुल	बालिका	कुल	बालिका		
1	2	3		4	5	6	7	8	9
1.	1987-88	1285		231	71	182	11	04	01
2.	1988-89	1322		236	71	185	11	04	01
3.	1989-90	1363		241	71	203	12	04	01

विकास खण्डवार शिक्षण संस्थाएँ 1989-90

1. पौड़ी	66	15	04	08	01	—	—
2. कोट	82	14	05	10	—	—	—
3. खिर्सू	108	20	08	16	01	—	—
4. पावौ	86	13	01	11	—	—	—
5. कल्जीखाल	92	12	06	11	—	—	—
6. थलीसैंण	103	16	02	14	01	—	—
7. दुगड्डा	97	22	10	11	01	—	—
8. यमकेश्वर	95	19	06	11	—	—	—
9. द्वारीखाल	100	22	04	13	—	—	—
10. लैंसडाउन	71	14	03	12	—	01	—
11. ऐकेश्वर	78	12	01	14	—	—	—
12. पोखड़ा	59	08	04	10	—	01	—
13. रिखणीखाल	73	14	04	10	—	—	—

जिला पौड़ी गढ़वाल

जनपद में शैक्षिक संस्थाओं और कुल छात्रों की संख्या



1	2	3	4	5	6	7	8	9
14. वीरौंखाल		118	14	03	22	01	01	—
15. नैनीडांडा		87	14	06	12	—	—	—
योग ग्रामीण		1315	229	67	185	05	03	—
नगरीय		48	12	04	18	07	05	01
योग जनपदीय		1363	241	71	203	12	05	01

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जूनियर बेसिक स्कूल 97 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में तथा मात्र 3 प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों में स्थित हैं। सीनियर बेसिक स्कूल 99.07 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 03 प्रतिशत नगरीय क्षेत्र में हैं माध्यमिक विद्यालयों में यह अनुपात शहरी क्षेत्रों में 10.20 प्रतिशत तथा 89.80 प्रतिशत क्षेत्रों (ग्रामीण) में स्थित है विश्वविद्यालय शहरी क्षेत्र में 75 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं।

छात्र संख्या :

जनपद में शिक्षण संस्थाओं में स्तरवार छात्र छात्राओं की कुल संख्या निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है :

वर्ष/विकास खण्ड	कक्षा 1 से 5				कक्षा 6 से 8			
	छात्र		छात्रायें		छात्र		छात्रायें	
	कुल	अनु. जाति	कुल	अनु. जाति	कुल	अनु.जा.	कुल	अनु.
87-88	95001	11389	45:9	4506	36024	8634	16363	1983
88-89	89859	11881	45801	5244	40056	9928	19231	2450
89-90	58711	13022	54115	5454	15111	4608	12300	1882

विकास खण्ड वार मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं में स्तरवार विद्यार्थी

1989—90

1. पौड़ी	2306	932	2397	352	885	162	927	132
2. कोट	2241	853	2211	322	756	183	589	164
3. खिर्सू	3525	632	3641	377	932	232	923	184
4. पावौ	3159	731	2646	282	831	317	535	47
5. कल्जीखाल	3677	1012	3666	338	768	265	789	82
6. थलीसैंण	3881	963	2547	412	863	282	412	52
7. दुगड्डा	6739	1032	6556	472	1632	532	1653	136
8. यमकेश्वर	4103	917	3058	317	1217	467	783	112
9. दांगू	4477	718	4332	218	1262	436	1050	207
10. लैंसडाउन	3557	732	3455	272	842	213	451	82
11. ऐकेश्वर	3483	852	3612	217	738	217	732	74
12. पोखड़ा	3132	663	3022	217	645	242	682	68
13. रिखणीखाल	3076	656	3449	376	968	277	636	97
14. बीरौंखाल	2878	876	2788	312	532	152	457	87
15. नैनीडांडा	3617	436	3464	378	987	312	736	81
योग ग्रामीण	54851	12005	50844	4922	13859	4290	11391	1655
नगरीय	3860	1007	3271	532	318	318	900	227
					1252			
जनपदीय	58711	13022	54115	15454	15111	12300	12300	1882

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जूनियर बेसिक स्कूल में, 58711 छात्र तथा 54115 छात्रायें हैं सीनियर बेसिक स्कूल में 15111 छात्र तथा 12300 छात्रायें अध्ययन रत हैं जूनियर बेसिक स्कूल में 1549 कुल अनुसूचित जनजाति के भी अध्ययनरत हैं सीनियर बेसिक स्कूल में भी 6490 छात्र छात्रायें अनुसूचित जाति जनजाति के हैं।

निम्न तालिका में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं की संख्या तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की संख्या स्पष्ट की जा सकती है।

वर्ष/विकासखण्ड	कक्षा—9 से 12						डिग्री कक्षा में	
	छात्र		छात्राएँ		छात्र		छात्राऐं	
	कुल	अनु. जा	कुल	अनु. जाति	कुल	अनु.जाति	कुल	अनु.जाति
87-88	26441	2244	10351	733	2215	157	1286	45
88-89	29139	2352	11391	813	2399	170	1386	54
89-90	32094	3219	15910	1185	3005	241	1873	93

विकास खण्डवार 1989-90 की छात्र संख्या कक्षा–9 से 12 तक महाविद्यालय तक

निम्न तालिका में कक्षा 9 से 12 तक तथा महाविद्यालय की छात्र संख्या को दर्शाया जा सकता है :—

पौड़ी	862	227	464	52	—	—	—	—
कोट	2160	203	663	42	—	—	—	—
खिर्सू	1651	308	398	36	—	—	—	—
पावौ	1052	122	549	45	—	—	—	—
कल्जीखाल	916	158	429	52	—	—	—	—
थलीसैंण	1293	112	413	12	—	—	—	—
दुगड्डा	2798	315	1052	12	—	—	—	—
यमकेश्वर	1480	129	803	26	—	—	—	—
द्वारीखाल	1187	78	449	15	—	—	—	—
लैंसडाउन	1408	131	435	31	206	17	82	03
ऐकेश्वर	1682	137	632	26	—	—	—	—
पोखड़ा	1028	182	376	32	31	02	07	—
रिखणीख	1870	158	652	21	—	—	—	—
बीरौंखाल	1720	138	507	28	16	15	01	01
नैनीडाँडा	1672	84	428	24	—	—	—	—
ग्रामीण	22787	2482	8280	554	253	24	90	04
नगरीय	9307	737	7630	630	275	017	1782	89
योग	32094	3219	115910	1185	3005	241	1873	93

उपरोक्त तालिका में माध्यमिक स्तर पर छात्र संख्या को दर्शाया गया है, तालिका से स्पष्ट होता हैं कि 9 से 10 की कुल छात्र संख्या-48004 है जिसमें से 4344 अनु० जाति के छात्र-छात्राये हैं इसी प्रकार 4878 छात्र-छात्रायें डिग्री स्तर में अध्ययन करते हैं जिसमें से 334 छात्र-छात्रायें अनु० जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्रायें हैं।

मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक :

जनपद पौड़ी गढ़वाल में सभी शिक्षण संस्थाओं शिक्षकों को आवश्यकतानुसार कमी है फिर भी निम्न तालिका द्वारा स्तरवार शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों को दिखाया जा सकता है—

जनपद में विकास खण्डवार मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक :

वर्ष विकास खण्ड	जूनियर बेसिक स्कूल		सीनियर बेसिक स्कूल		हाई स्कूल	इन्टर कालेज
	कुल	स्त्रियाँ	कुल	स्त्रियों	कुल	कुल
1987-88	2782	762	899	180	2580	268
1988-89	3093	1106	1000	251	2710	289
1989-90	3162	1561	1073	399	4013	427

वर्ष विकास खन्ड	महाविद्यालय		विश्वविद्यालय	
	कुल	स्त्रियाँ	कुल	स्त्रियाँ
1987-88	84	13	132	18
1988-89	94	16	135	20
1989-90	109	29	142	26

उपरोक्त तालिकाओं से स्पष्ट होता है कि जनपद में जूनियर बेसिक स्कूल में कुल 3162 शिक्षक कार्यरत हैं जिनमें से 1561 महिलायें 1601 पुरुष इसी प्रकार सीनियर बेसिक स्कूल में 107 शिक्षक कार्यरत हैं जिनमें से 674 पुरुष तथा 399 स्त्रियाँ कार्यरत हैं इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों में कुल 4013 अध्यापक कार्यरत हैं जिनमें से 3786 पुरुष तथा 227 महिलायें महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में कुल 251 शिक्षक हैं जिनमें से 196 पुरुष तथा 55 स्त्रियाँ कार्यरत हैं। विद्यालय की संख्या के अनुसार जनपद में जूनियर बेसिक स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक शिक्षकों की कमी है।

———

पौड़ी जनपद में माध्यमिक विद्यालयों की सूची

1. विकास खण्ड पौड़ी :

(1) राजकीय इण्टर कालेज पौड़ी नगर,
(2) राजकीय इण्टर कालेज कालेश्वर,
(3) राजकीय इण्टर कालेज कण्डारा,
(4) राजकीय कन्या इण्टर कालेज पौड़ी नगर,
(5) राजकीय उच्चतर मा० वि० क्थार्क,
(6) राजकीय उच्चतर मा० वि० ओजली,
(7) राजकीय उच्चतर मा० वि० चरधार,
(8) राजकीय कन्या उच्चतर मा० वि० पैडूल,
(9) बी० ए० बी० इ० कालेज पौड़ी,
(10) मैसमोर इण्टर कालेज पौड़ी,
(11) जनता इण्टर कालेज ल्वाली,
(12) जनता इण्टर कालेज परसुण्डाखाल,

2. विकास खण्ड खिर्सू :

(1) राजकीय इण्टर कालेज खिर्सू,
(2) राजकीय इण्टर कालेज खेड़ाखाल,
(3) राजकीय इण्टर कालेज श्रीनगर गढ़वाल,
(4) राजकीय इण्टर कालेज सुमाड़ी,
(5) राजकीय इण्टर कालेज देवलगढ़,
(6) राजकीय कन्या इण्टर कालेज श्री नगर गढ़वाल,
(7) राजकीय उ० मा० विद्यालय बाड़ा (बणस्यूँ)
(8) राजकीय उ० म० विद्यालय पितृधार,
(9) राजकीय उ० मा० विद्यालय बरसूड़ी,
(10) राजकीय उ० मा० विद्यालय कठूली,
(11) राजकीय उ० मा० विद्यालय खण्डाह
(12) राजकीय उ० मा० विद्यालय नवाखाल,
(13) राजकीय कन्या उ० मा० वि० सुमाड़ी,

(14) जनता इण्टर कालेज भटसेरा,
(15) जनता इण्टर कालेज ढामकेश्वर,
(16) जनता उ० मा० विद्यालय जामाणखाल,

3. विकास खण्ड कोट :

(1) राजकीय इण्टर कालेज कोट,
(2) राजकीय इण्टर कालेज सबधरखाल,
(3) राजकीय इण्टर कालेज देहलचौंरी,
(4) राजकीय इण्टर कालेज देवप्रयाग
(5) राजकीय इण्टर कालेज दोन्दल,
(6) राजकीय इण्टर कालेज कमलपुर,
(7) राजकीय इण्टर कालेज जामालाखाल,
(8) राजकीय उ० मा० विद्यालय बसन्तुपुर
(9) राजकीय उ० मा० विद्यालय बहेड़ाखाल,
(10) जनता इण्टर कालेज नाहसैंण
(11) जनता इण्टर कालेज घिण्डवाड़ा,

4. विकास खण्ड पावौ :

(1) राजकीय इण्टर कालेज सांकरसैंण,
(2) राजकीय इण्टर कालेज पावौ,
(3) राजकीय इण्टर कालेज चोलूसैंण,
(4) राजकीय इण्टर कालेज चम्पेश्वर,
(5) राजकीय उ० मा० विद्यालय कालौं,
(6) राजकीय उ० मा० विद्यालय चोपड़ियूँ,
(7) राजकीय उ० मा० विद्यालय विडोली
(8) राजकीय उ० मा० विद्यालय जगतेश्वर,
(9) राजकीय उ० मा० विद्यालय ग्वालखोड़ा,
(10) जनता इण्टर कालेज सीकू (खातस्यूँ)
(11) जनता इण्टर कालेज पोखरीखेत,
(12) रा० उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़िगांव,

5. कल्जीखाल विकास खण्ड कल्जीखाल :

(1) राजकीय इण्टर कालेज कल्जीखाल,
(2) राजकीय इण्टर कालेज कांसखेत,
(3) राजकीय इण्टर कालेज मवाधार,

(4) राजकीय इण्टर कालेज विलखेत,
(5) राजकीय उ०मा०वि० मुण्डनेश्वर,
(6) राजकीय उ०मा०वि० पुरियांडांग,
(7) राजकीय उ०मा०वि० दिउसी
(8) राजकीय उ०मा०वि० बडखोल
(9) राजकीय उ०मा०वि० खाकनीखेत
(10) जनता इण्टर कालेज जखेटी,
(11) जनता उ०मा० विद्यालय रमाडांग,
(12) जनता उ०मा० विद्यालय डांगीधार,
(13) जनता उ०मा० विद्यालय कोटागढ़,

6. विकास खण्ड थलीसैंण :

(1) राजकीय इण्टर कालेज थलीसैंण,
(2) राजकीय इण्टर कालेज तरपालीसैंण,
(3) राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैंण,
(4) राजकीय इण्टर कालेज पैठाणी,
(5) राजकीय इण्टर कालेज बूँगीधार,
(6) राजकीय इण्टर कालेज गुलयारी,
(7) राजकीय उ०मा० विद्यालय गँगाऊँ,
(8) राजकीय उ०मा० विद्यालय हिंवालीधार,
(9) राजकीय उ०मा० विद्यालय मौजखाल,
(10) राजकीय उ०मा० विद्यालय मासौं,
(11) राजकीय कन्या उ०मा० विद्यालय, पोखरी,
(12) जनता इन्टर कालेज उफरैंखाल,
(13) उ० मा० विद्यालय उफरैंखाल,
(14) उ० मा० वि० धाधणखोत,

7. विकास खण्ड दुगड्डा :

(1) रा० इ० कालेज दुगड्डा
(2) रा० इ० कालेज कोटद्वार (सुखारो)
(3) रा० इ० कालेज मटियाली
(4) रा० इ० कालेज कण्डवाधरी,
(5) रा० इ० कालेज कुम्भीचौड़,
(6) रा० इ० कालेज वल्ती,
(7) रा० इ० कालेज सेन्धीखाल,

(8) रा० उ० मा० वि० जयदेवपुर सिगड्डी,
(9) रा० उ० मा० वि० भाण्डई,
(10) रा० कन्या इ० का० कोटद्वार,
(11) रा० कन्या उ० मा० वि० कलालघाटी,
(12) रा० कन्या इन्टर कालेज दुगड्डा,
(13) जनता इण्टर कालेज कालागढ़,
(14) जनता इण्टर कालेज मोटाढाक,
(15) जनता इण्टर कालेज दिउला पौखाल,
(16) उ० मा० वि० खोखरी (अजपर)
(17) आर्य कन्या इण्टर कालेज, कोटद्वार

8. विकास खण्ड यमकेश्वर :

(1) रा० इ० कालेज भृगुखाल,
(2) रा० इ० कालेज दिउली,
(3) रा० इ० कालेज गैण्डखाल,
(4) रा० उ० मा० वि० महादेव चट्टी,
(5) रा० उ० मा० वि० मोहन चट्टी,
(6) रा० कन्या उ० मा० वि० थलनदी,
(7) जनता इ० का० पोखरखाल,
(8) जनता इ० का० यमकेश्वर,
(9) जनता इ० का० चमकोट खाल,
(10) जनता इ० का० किमसार,
(11) उ० मा० विद्यालय बुद्धोली,

९. विकास खण्ड द्वारिखाल (ढांगू) :

(1) रा० इ० का० देवीखेत,
(2) रा० इ० का० चेलूसैंण,
(3) रा० इ० का० सिलोगी,
(4) रा० उ० मा० वि० द्वारीखाल,
(5) रा० उ० मा० वि० कुन्तणी,
(6) रा० उ० मा० वि० अमोला,
(7) रा० उ० मा० वि० कीतिखाल,
(8) रा० उ० मा० वि० किनसूर,
(9) जनता इण्टर कालेज देवीखाल भयांसू,

(10) जनता इण्टर कालेज सतपुली,
(11) उ० मा० विद्यालय काण्डाखाल,
(12) उ० मा० विद्यालय गड़कोट (भाण्डलू)

10. विकास खण्ड लैंसडाउन :

(1) रा० इ० कालेज जयहरीखाल (लैंसडाउन)
(2) रा० इ० कालेज सिद्धपुर,
(3) रा० इ० कालेज काडाखाल कौडिया,
(4) रा० इ० कालेज कमलखेत (बन्टूश)
(5) रा० इ० कालेज खौरासैण,
(6) रा० इ० कालेज अधारियाखाल,
(7) रा० उ० मा० विद्यालय थल्दा,
(8) रा० उ० मा० घेरुवा,
(9) राजकीय कन्या इण्टर कालेज लैंसडाउन,
(10) जनता इण्टर कालेज दुधारखाल,
(11) जनता इण्टर कालेज दुधारखाल,
(12) उ० मा० विद्यालय धौलखेत खाल,
(13) कैन्ट बोर्ड उ० का० विद्यालय लैन्सडाउन,

11. विकास खण्ड ऐकेश्वर :

(1) राजकीय इण्टर कालेज ऐकेश्वर,
(2) राजकीय इण्टर कालेज चैगोंतखाल,
(3) राजकीय इण्टर कालेज रीठाखाल,
(4) राजकीय इण्टर कालेज मैटाकुण्ड,
(5) रा० उ० मा० विद्यालय श्री कोटखाल,
(6) रा० उ० मा० विद्यालय मासौं,
(7) रा० कन्या उ० मा० वि० ऐकेश्वर,
(8) जनता इण्टर का० संगला कोटी (कमलपुर)
(9) जनता इण्टर का० सुरखेत,
(10) जनता इण्टर का० इन्द्रापुरी,
(11) जनता इण्टर का० सकिन्डा,
(12) उ० मा० वि० मौदाड़ी,
(13) उ० मा० वि० मवाणीधार,
(14) उ० मा० वि० सुराईडांग,

12. विकास खण्ड पोखड़ा :

(1) राजकीय इन्टर कालेज पोखड़ा,

(2) राजकीय इन्टर कालेज दमदेवल,

(3) रा० उ० मा० वि० सकनोलीखाल,

(4) रा० उ० मा० वि० जमखाल (वीरगांव)

(5) जनता इन्टर कालेज देवराजखाल,

(6) जनता इन्टर कुरियाखाल,

(7) जनता इन्टर कालेज चौबट्टालाल.

(8) जनता इन्टर कालेज कुणजखाल.

(9) जनता इन्टर कालेज तिलखोली,

(10) उ० मा० विद्यालय कोलाखाल,

(11) उ० मा० विद्यालय लियाखाल,

13. विकास खण्ड रिखणीखाल :

(1) रा० इन्टर कालेज रिखणीखाल,

(2) रा० इन्टर कालेज सिद्धखाल (चुरानी)

(3) रा० इन्टर कालेज बड़खेत,

(4) रा० इन्टर कालेज बूंगलगढ़ी,

(5) रा० उ० मा० विद्यालय डाबरी,

(6) रा० उ० मा० विद्यालय कर्तिया,

(7) रा० उ० मा० विद्यालय द्वारी पैनो,

(8) रा० उ० मा० विद्यालय कुलानीखाल,

(9) जनता इन्टर कालेज किल्वोखाल,

(10) जनता इन्टर कालेज टकोलीखाल,

(11) उ० मा० विद्यालय कंचनखेत (उनेरी)

14. विकास खण्ड वीरौंखाल :

(1) राजकीय इन्टर कालेज वीरौंखाल,

(2) राजकीय इन्टर कालेज बैजरौं,

(3) राजकीय इन्टर कालेज वेदीखाल,

(4) राजकीय इन्टर कालेज ढौण्ड,

(5) राजकीय इन्टर कालेज स्यूसी,

(6) रा० उ० मा० विद्यालय वाड़ाडांडा,

(7) रा० उ० मा० विद्यालय घोडियानखाल,

(8) रा० उ० मा० विद्यालय सैन्धार,

(9) रा० उ० मा० विद्यालय फरसाड़ी

(10) रा०उ०मा० विद्यालय भगवती तल्ला,

(11) रा०उ०मा० विद्यालय जसपुर,

(12) रा०उ०मा० विद्यालय भमरईखाल,

(13) रा०उ०मा० विद्यालय सुन्दरनगर,

(14) रा०कन्या इ०कालेज बीरौंखाल,

(15) जनता इन्टर कालेज ग्वीनखाल,

(16) जनता इन्टर कालेज ललीतपुर (खाटली)

(17) जनता इन्टर कालेज जोगीमठी,

(18) जनता इन्टर कालेज कोठिला,

(19) जनता इन्टर कालेज सिमड़ी,

(20) जनता इन्टर कालेज पाली खाटली,

(21) उ०मा०वि० चौखाल,

15. **विकास खण्ड नैनीडांडा :**

(1) राजकीय इन्टर कालेज धूमाकोट,

(2) राजकीय इन्टर कालेज खिरैरिखाल,

(3) राजकीय इन्टर कालेज शंकरपुर,

(4) रा०उ०मा०वि० कोचियार,

(5) रा०उ०मा०वि० खाल्यूंखेत,

(6) जनता इन्टर कालेज नैनीडांडा,

(7) जनता इन्टर कालेज अन्द्रौली,

(8) जनता इन्टर कालेज ज्यूदाल्यूं,

(9) जनता इन्टर कालेज किनगोड़ीखाल,

(10) जनता इन्टर कालेज हल्दूखाल,

(11) जनता इन्टर कालेज अदालीखाल,

(12) उ०मा०विद्यालय खांदरासी,

(13) उ०मा०विद्यालय कालिकाखाल,

रा०क०उ०मा०वि०	—	07
राजकीय इन्टर कालेज	—	68
रा०उ०मा० विद्यालय	—	54
रा०कन्या इ०कालेज	—	06
जनता इ०कालेज	—	47
जनता उ०मा० विद्यालय	—	20
जनता कन्या इ०कालेज	—	01
कुल योग		203

जनपद में प्राविधिक शिक्षण/संस्थान, औद्योगिक शिक्षण/ संस्थान शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान तथा उनमें भर्ती

जनपद में प्राविधिक शिक्षण संस्थान औद्योगिक शिक्षण संस्थान प्रशिक्षण शिक्षण संस्था आदि को निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है :—

1. प्राविधिक शिक्षण संस्थान

प्राविधिक शिक्षण संस्थान	87-88	1988-89	1989-90
1. संस्था	01	01	02
2. सीटों की संख्या	106	165	240
3. भर्ती	106	189	249

जनपद में प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं की संख्या वर्तमान समय में दो हैं—

(1) प्राविधिक शिक्षण संस्थान श्रीनगर/खिर्सू

(2) प्राविधिक शिक्षण संस्थान थलनदी

इन दोनों प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी आदि में डिप्लोमा सार्टिफिकेट प्रदान किये जाते हैं। वर्तमान समय में इनमें 249 छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

2. औद्योगिक शिक्षण संस्थान

	1987-88	1988-89	1989-90
1. संख्या	06	06	07
2. सीटों की संख्या	1381	1398	1420
3. भर्ती	1165	1213	1287

जनपद में वर्तमान समय में सात औद्योगिक शिक्षण संस्थायें कार्यरत हैं जिनमें प्रमाण पत्र दिये जाते हैं ये औद्योगिक शिक्षण संस्थायें निम्न हैं :

1. औद्योगिक शिक्षण संस्थान श्रीनगर,
2. औद्योगिक शिक्षण संस्थान रुद्र प्रयाग,
3. औद्योगिक शिक्षण संस्थान (महिला) श्रीनगर,
4. औद्योगिक शिक्षण संस्था सल्ड महादेव,
5. औद्योगिक शिक्षण संस्था थलीसैंण,
6. औद्योगिक शिक्षण संस्था दुगड्डा,
7. औद्योगिक शिक्षण संस्था पोखड़ा ।

उपरोक्त औद्योगिक शिक्षण संस्थानों में विभिन्न ट्रेडों (पाठयक्रमों) में प्रमाण पत्र दिये जाते हैं ये पाठ्यक्रम हैं—आशुलिपिक हिन्दी, आशुलिपिक अंग्रेजी, ड्राफ्ट्स मैन सिविल डाफ्ट्स मैन मैकनिकल, सर्वेयर, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलैक्ट्रीकल्स, वायरमैन, मोटर मैकेनिक, टूरिज्म गाइड, रेडियो, टी० वी०, प्लम्बर, वैल्डर, कटाई-सिलाई, डिडाल मैकेनिक, इलैक्ट्रोनिक्स, कटिंग एवं टेलरिंग. इम्ब्राइडरी, चीटिंग, कारपेन्टर, हैण्डवीविंग आफ काटन फैन्सी एन्ड क० फैब्रीक्स, इनविंकिंग आफ ऊलन फैब्रिन्स इत्यादि ट्रेडों में प्रमाण पत्र दिये जाते हैं वर्तमान समय में सातों औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में 1287 छात्र तथा छात्रायें अध्ययन कर रहे हैं ।

शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान

	1987–88	1988–89	1989–90
संख्या	04	04	04
सीटों की संख्या	395	405	405
भर्ती पुरुष	200	214	148
स्त्री	180	196	242

वर्तमान समय में जनपद में चार शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान चल रहे, दो शिक्षण प्रशिक्षण डिग्री स्तर के हैं जिनका संचालन विश्वविद्यालय द्वारा होता है तथा दो का संचालन बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा, ये प्रशिक्षण संस्था निम्न हैं :

1. बी. एड. शिक्षण प्रशिक्षण संस्था श्रीनगर,
2. बी. एड. शिक्षण प्रशिक्षण संस्था कोटद्वार,
3. बी. टी. सी. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी (दीक्षा विद्यालय पौड़ी)

4. बी. टी. सी. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी (दीक्षा विद्यालय जयहरीखाल)

उपरोक्त शिक्षण संस्थानों के वर्तमान समय में 148 पुरुष तथा 242 महिलायें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

जनपद में इसके अतिरिक्त प्रौढ़ शिक्षा अनौपचारिक शिक्षा बालवाड़ी आंगन वाड़ी युवक संगठन एवं महिला मण्डल भी कार्य कर रहे हैं इन सभी की निम्न तालिका से प्रगति दिखायी जा सकती है।

जनपद समाज शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण कार्यक्रमों की प्रगति :

क्र. सं. मद	1988	1989	1990
1 2	3	4	5
1. प्रौढ साक्षरता केन्द्रों की संख्या	300	300	300
2. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की संख्या	1032	1032	1141
3. बालवाडी/आंगनवाड़ी केन्द्रों को संख्या	112	112	112
4. युवक संगठनों की संख्या	2716	2871	2977
5. महिला मन्डल की संक्या	342	687	836

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित विकास खन्डों को 300 प्रौढ शिक्षा केन्द्र खोले जाते हैं। जिनमें लगभग 9000 प्रौढों को शिक्षा दी जाती हैं, पौड़ी जनपद में औनौपचारिक शिक्षा 12 विकास खन्डों में चल रहे हैं ओनौपचारिक शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के लिये उ० प्र० सरकार ने प्रत्येक विकास खन्ड में एक परियोजना अधिकारी का पद सृजित किया है जनपद में इस समय 1141 ओनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चल रहे हैं।

इसके अतिरिक्त बालवाड़ी/आंगन वाडी कार्यक्रमों को शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार में कार्यरत हैं। जनपद में 164 बालवाड़ी/आंगनवाड़ी केन्द्र चल रहे हैं तथा 837 महिला मण्डल हैं जो सभी शिक्षा के उन्नयन एवं विकास में सहयोग कर रहे हैं ये सभी केन्द्र जनपद के ग्रामीण अंचलों में कार्य कर रहे हैं, जो कि ग्रामों के सार्वागीण विकास में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

व्यावासायिक शिक्षा :

जनपद में वर्तमान समय में 10 विद्यालयों में व्यावासयिक शिक्षा के विभिन्न ट्रेड

चल रहे हैं, जिनमें से छः केन्द्र 88–89 में दिये गये जिनको दो लाख रुपये वर्क सेड बनाने के लिये दिये गये। तथा साथ ही उपकरण इत्यादि के लिये भी धन स्वीकृत किया गया। उन्होंने उसे व्यय भी कर दिये ये केन्द्र हैं 1. रा० इ० का० कोटद्वार, 2. रा० इ० का० देव प्रयाग, 3. रा० इ० का० लैंसडाउन, 4. रा० इ० का० श्रीनगर, 5. रा० इ० का० वेदीखाल, 6. रा० कन्या इन्टर कालेज पौड़ी शेष चार केन्द्र 1. रा० इ० का० कन्डवधारी 2. रा० इ० का० रिखणीखाल, 3. रा० कन्या इ० का० श्रीनगर, 4. रा० इ० का० कोटद्वार जिनमें अभी तक वर्ग सेड बनाने के लिये भी धन स्वीकृत हो गये हैं उपकरण आदि पर धन स्वीकृत न होने के कारण अभी कक्षायें प्रारम्भ नहीं हो पायी हैं ट्रेड्स भी स्वीकृत हो गये हैं।

जनपद में कार्यरत व्यवसायिक शिक्षा के कार्यरत केन्द्र तथा उनकी प्रगति निम्न प्रकार हैं :

केन्द्र पुरोनियमित व्यावसायिक शिक्षा की प्रगति

वर्ष 1988–90 स्वीकृत

क्र.सं.	विद्यालय का नाम	वर्ग रोड निर्माण की स्थिति	ट्रेड का नाम	स्वीकृत अनुदान	उपभोग की गयी	क्षेत्रवार संख्या छात्र कक्षा–11	12
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	रा०इ०का० श्रीनगर	निर्मित दो लाख	1. एकाउन्टेन्सी	53000.00	53000.00	27	20
			2. फोटोग्राफी	66000.00	66000.00	07	08
			3. रेडियो टी. वी.	60000.00	60000.00	22	16
2.	रा०इ०का० देव प्रयाग	निर्मित	1. बुनाई तकनीकी	18000.00	78000.00	05	—
			2. आटोमो-बाइल	63000.00	63000.00	03	01
			3. रेडियो टी.वी.	60000.00	60000.00	06	02
3.	रा०इ०का० लैंसडाउन	निर्मित	1. नर्सरी शि. प्र. एवं शिशु प्र.	92000.00	92000.00	08	—
			2. बहु. स्वा. क्रमी पुरुष	25000.00	25000.00	—	—
			3. टंकण	84000.00	84000.00	09	09

1	2	3	4	5	6	7	8
4. रा०इ०का० कोटद्वारा निर्मित			1. आशु./ टंकण	63000.00	62930.00	58	63
			2. बैंकिंग	53000.00	44114.00	02	09
			3. फोटोग्राफी	66000.00	57582.62	27	09
5. रा०इ०का० वेदीखाल निर्मित			1. बहु. स्वा.	25000.00	25000.00	08	11
			2. बुनाई तकनी.	78000.00	78000.00	08	—
			3. आटोमो-बाइल	63000.00	63000.00	08	07
			4. बैंकिंग एण्ड	22000.00	22000.00	15	10
6. रा०क०इ०का० पौड़ी निर्मित			1. बुनाई तक.	78000.00	78000.00	27	25
			2. परिधान रचना	77800.00	77800.00	73	02
			3. फोटोग्राफी	66000.00	66000.00	07	04

1990–91 स्वीकृत विद्यालय की संख्या

क्र.सं.	विद्यालय का नाम	ट्रेड का नाम		
1.	रा०इ०का० कण्डवघाटी	निर्माण कार्य	पुस्तकालय	59000.00
			टंकण	92000.00
2.	रा०इ०का० रिखणीखाल	निर्माण कार्य	फोटोग्राफ	73,000
			आटोमोबाइल	69,000
3.	रा० कन्या इ०का० श्रीनगर	निर्माण कार्य	बुनाई तकनीकी	86000.00
			पुस्तकालय	59000.00
4.	रा०क०इ०का० कोटद्वार	निर्माण कार्य	नर्सरी शि. प्र.	1,01000.00
			रेडियो टेलीविजन	66000.00

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी ठीक नहीं है जितना की होना चाहिए था। यहाँ पर चिकत्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या तो काफी है परन्तु उन चिकित्सालय एवं औषधालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की कमी तथा औषधियों की कमी है जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नहीं कही जा सकती है। फिर भी जनपद में विकास खण्डवार एलौपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा का विवरण निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है।

जनपद में विकास खण्डवार एलौपैथिक चिकित्सा सेवा

वर्ष	विकास खण्ड	चिकित्सालय एवं औषधालय	प्राथमिक स्वा. केन्द्र	समस्त में उपलब्ध सेवाएँ	समस्त के कर्मचारी डाक्टर	मेडिकल कर्मचारी	अन्य
1	2	3	4	5	6	7	8
1987-88		95	30	872	110	638	318
1988-89		95	32	882	105	640	318
1989-90		96	32	1108	166	645	322
विकास खण्डवार एलौपैथिक चिकित्सा सेवा 1989-90 :							
1.	पौड़ी	03	02	22	02	42	09
2.	कोट	04	02	24	07	43	12
3.	खिर्सू	06	02	32	07	31	22
4.	पावौ	05	02	28	04	23	19
5.	कल्जीखाल	05	02	28	04	33	10
6.	थलीसैंण	04	02	24	07	33	12
7.	दुगड्डा	07	03	40	07	74	19
8.	यमकेश्वर	09	02	58	08	29	15

1	2	3	4	5	6	7	8
9.	द्वारिखाल	07	03	46	13	32	24
10.	लैंसडाउन	04	02	24	11	30	12
11.	ऐकेश्वर	04	02	28	03	29	13
12.	पोखड़ा	04	01	20	04	26	10
13.	रिखणीखाल	05	02	28	09	25	14
14.	वीरौंखाल	09	02	46	16	39	20
15.	नैनीडांडा	06	02	32	10	18	19
योग ग्रामीण		82	31	480	114	517	224
योग नगरीय		14	01	628	52	128	98
कुल योग		96	32	1108	166	645	322

जनपद में 89-90 तक 96 चिकित्सालय 32 प्रा० स्वा० केन्द्र तथा इन चिकित्सालयों में 1108 शय्याएँ उपलब्ध हैं तथा इन चिकित्सालयों में 166 डाक्टर तथा 967 अन्य मेडिकल तथा अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आज भी अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सीय सेवाऐं उपलब्ध नहीं हैं। शहरी क्षेत्र में अधिकतर प्राइवेट चिकित्सालय की सेवाऐं भी उपलब्ध हैं।

ऐलोपैथिक चिकित्सालय के अतिरिक्त पौड़ी जनपद में आयुर्वेदिक चिकित्सालय तथा होमोपैथिक चिकित्सालय एवं तीन विशेष क्षय संक्रामक एवं कुष्ठ रोग निवारण चिकित्सालय भी हैं। आयुर्वेदिक एवं होमोपैथिक चिकित्सालय की विकास खण्डवार स्थिति निम्न तालिका से स्पष्ट की जा सकती हैं।

जनपद में विकास खण्डवार आयुर्वेदिक एवं होमोपैथिक चिकित्सीय सेवा

वर्ष	विकास खण्ड	आयुर्वेदिक सेवा			होमोपैथिक सेवा		संक्रामक	
		आयुर्वेदिक चिकि.	उपलब्ध शय्याएँ	डाक्टर	हो. औ. चिकि.	उपलब्ध शय्याऐं	डा. एवं कुष्ठ	रोग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1987-88		38	134	28	06	24	03	03
1988-89		39	134	17	06	24	03	03
1989-90		39	134	21	06	24	03	03
विकास खण्डवार 1989-90								
1. पौड़ी		03	12	03	01	04	01	—

1 2	3	4	5	6	7	8	9
2, कोट	02	08	02	01	04	—	—
3. खिर्सू	03	12	03	—	—	—	—
4. पावौ	04	06	02	01	04	—	—
5. कल्जीखाल	02	08	—	—	—	—	—
6. थलीसैंण	04	16	—	01	04	—	—
7. दुगड्डा	01	04	01	—	—	—	—
8. यमकेश्वर	04	12	03	—	—	—	—
9. द्वारिखाल	02	08	01	—	—	—	—
10. लैंसडाउन	01	04	01	—	—	—	—
11. पोखड़ा	02	04	—	—	—	—	—
12. ऐकेश्वर	02	08	01	—	—	—	—
13. रिखणी खाल	04	16	01	—	—	—	—
14. वीरौंखाल	02	08	—	—	—	—	—
15. नैनीडांडा	01	04	01	—	—	—	—
योग ग्रामीण	37	130	19	04	16	01	—
योग नगरीय	02	04	02	02	08	02	03
योग जनपद	39.	134	21	06	24	03	03

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में मात्र 39 औषाधालय एवं चिकित्सालय उपलब्ध हैं उन चिकित्सालयों में 134 शय्याऐं तथा मात्र 21 डाक्टर उपलब्ध हैं शेष पद रिक्त चल रहे हैं। जबकि यहां पर जड़ी बूटियों की खोज कर इस उद्योग को भी विकसित किया जा सकता है। जड़ी बूटियों से आयुर्वेदिक दवाइयां बनायी जा सकती हैं क्योंकि जनपद पर्वतीय एवं पहाड़ी होने के कारण जड़ी बूटियों का भण्डार ही कह सकते हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में छः होमोपैथिकि चिकित्सालय तथा चिकित्सालयों में 24 शय्याऐं तथा मात्र तीन डाक्टर ही उपलब्ध हैं। जिससे इस सेवा का लाभ जनपद की अधिकांश जनसंख्या को नहीं मिल पाता है। होमोपैथिक एवं आयुर्वेदिक सेवाऐं जनपद में प्राइवेट चिकित्सालय भी बहुत कम मात्रा में हैं। जिससे इन सेवाओं का लाभ लोगों को बहुत कम मात्रा में मिल पाता है क्योंकि ये राजकीय स्तर पर भी बहुत कम हैं जनपद का विस्तार बहुत अधिक है।

इसके अतिरिक्त जनपद में परिवार एवं मातृ शिशु केन्द्र भी कार्यरत हैं। परिवार कल्याण कार्यक्रम की सुविधायें सभी नगरीय क्षेत्र के चिकित्सालयों एवं प्रा० स्वा० केन्द्र पर उपलब्ध है। निम्न तालिका से जनपद में कार्यरत परिवार एवं मातृ शिशु कल्याण केन्द्र की स्थिति स्पष्ट की जा सकती है—

जनपद में विकास खण्डवार परिवार एवं मातृ शिशु कल्याण केन्द्र/उपकेन्द्र

वर्ष विकास खण्ड	परिवार एवं मातृ शिशु कल्याण केन्द्र	परिवार एवं मातृ शिशु कल्याण उप-केन्द्र
1 2	3	4
1987–88	26	208
1988–89	26	220
1989–90	26	224
विकास खण्डवार 1989–90		
1. पौड़ी	01	14
2. कोट	01	13
3. खिर्सू	02	15
4. पावौ	01	15
5. कल्जीखाल	02	15
6. थलीसैंण	02	14
7. दुगड्डा	02	17
8. यमकेश्वर	01	13
9. द्वारिखाल	02	14
10. लैंसडाउन	02	14
11. ऐकेश्वर	02	14
12. पोखड़ा	01	14

1 2	3	4
13. रिखणीखाल	01	16
14. वीरौंखाल	02	15
15. नैनीडांडा	02	14
योग ग्रामीण	24	217
योग नगरीय	02	07
योग जनपद	26	224

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में 217 उप केन्द्रों के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपद में 26 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र तथा 224 उप केन्द्रों के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

विद्युत व्यवस्था

विद्युत शक्ति अर्थ व्यवस्था का एक साधन है कृषि उद्योग प्रबन्ध संचार सिंचाई, तथा अन्य सभी क्रिया कलापों में इसकी आपूर्ति आवश्यक है। 31.3.90 तक 1623 ग्रामों में विद्युत सुविधायें उपलब्ध हैं। 1072 हरिजन बस्तियों को भी विद्युतीकृत किया गया। वर्तमान समय में जनपद में लगभग 43000 उपभोक्ता हैं। जनपद में विकास खण्डवार विद्युतीकरण ग्राम एवं हरिजन बस्तियों को निम्न तालिका द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है।

जनपद में विकास खण्डवार विद्युतीकृत ग्राम एवं हरिजन बस्तियां

वर्ष/विकासखण्ड	विद्युतीकृत ग्राम केन्द्रीय विद्युत प्रा. की परि० के	जिनमें एल. टी. मेन्स विछाकर वि. किया गया।	हरिजन बस्ती में विद्युतीकरण	निजो नलकूप पम्प सेटों का विवरण
1 2	3	4	5	6
1987–88	1520	1519	938	19
1988–89	1623	1622	1010	19
1989–90	1734	1705	1072	19
विकास खण्डवार 1989–90				
1. पौड़ी	179	177	112	03
2. कोट	104	102	57	02
3. खिर्सू	179	174	114	—
4. पावौ	96	95	79	—
5. कल्जीखाल	136	133	95	—
6. थलीसैंण	37	34	33	—
7. दुगड्डा	154	151	37	07
8. यमकेश्वर	89	89	68	—
9. द्वारिखाल	155	152	89	03

1 2	3	4	5	6
10. लैंसडाउन	92	92	07	—
11. ऐकेश्वर	103	100	73	—
12. पोखड़ा	89	87	79	—
13. रिखणीखाल	55	55	32	01
14. वीरौंखाल	159	157	91	02
15. नैनीडांडा	107	107	75	01
योग	1734	1705	1072	19

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में अभी भी लगभग 1503 ग्रामों में विद्युतीकरण नहीं हो पाया। जो कि सम्पूर्ण जनपद का लगभग 48 प्रतिशत है। अब तक कुल 1734 ग्रामों को विद्युतीकरण किया गया। विद्युतीकरण का कार्य काफी तीव्र गति से चल रहा है आने वाले पंचवर्षीय योजना में यह कार्य काफी पूर्ण हो जायेगा। अधिकांश गाँव का विद्युतीकरण हो जावेगा।

विद्युत उपभोग :

जनपद में ओद्योगिक क्षेत्र की कमी होने के कारण विद्युत उपभोग कम ही है। 48 प्रतिशत गाँवों में ही विद्युतीकरण होने के कारण भी विद्युत उपभोग में कमी का कारण है। निम्नलिखित तालिका से जनपद का विद्युत उपभोग स्पष्ट किया जा सकता है।

विद्युत उपभोग

जनपद में विभिन्न कार्यों में विद्युत उपभोग हजार किलो० घण्टा :

क्र. सं. मद	1987–88	1988–89	1989–90
1. घरेलू प्रकाश एवं लघु विद्युत शक्ति	10987	8097	22087
2. वाणिज्य प्रकाश एवं लघु विद्युत शक्ति	462	1124	1500
3. ओद्योगिक विद्युत शक्ति	2698	4433	6373
4. सार्वेजनिक प्रकाश व्यवस्था	2955	2177	1857
5. कृषि विद्युत शक्ति	2589	1808	542
6. सार्वजनिक जल कर एवं मल प्रवाह उत्सर्जन व्यवस्था	3823	3266	4296
योग जनपद	23514	20905	36658

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में 22087 हजार किलो० मी० घण्टा घरेलू प्रकाश व्यवस्था में 1500 हजार किलो० वाट घण्टा वाणिज्य प्रकाश 6373 हजार किलो० वाट घण्टा औद्योगिक शक्ति 1857 हजार किलो० वाट घण्टा सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था 542 हजार किलोवाट घण्टा कृषि विद्युत शक्ति 4299 हजार किलोवाट घण्टा सार्वजनिक जलकर में उपभोग किया जाता है सम्पूर्ण जनपद में 36658 हजार किलोवाट घण्टा विद्युत का उपभोग होता है जो कि बहुत ही कम है। अभी तक अधिक-यातायात सुलभ स्थानों पर ही बिजली की सुविधा उपलब्ध है।

जनपद में कई स्थानों पर छोटे-छोटे जल विद्युत परियोजनाओं को क्रियान्वित करके इस क्षेत्र का विकास सम्भव है। जिससे इस क्षेत्र को ईधन रोशनी, तथा छोटी-छोटी औद्योगिक इकाइयों को विकसित करने की समस्या का समाधान हो सकता है। कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र में विद्युत का अभी तक बहुत कम उपभोग है। अब तक 7 राजकीय नलकूप हैतु ही विद्युत उपलब्ध है। तथा निजी क्षेत्र में 19 नलकूप पम्प सैट ऊर्जा कृत किये गये हैं।

परिवहन एवं जन संचार

पर्वतीय क्षेत्र में यातायात एवं संचार सुविधाओं का महत्व आर्थिक जीवन पर प्रत्यक्ष रूप में पड़ता है। अधिकतर जीवन यापन दूरस्थ तथा मैदानी क्षेत्रों में दोनों ही सड़क परिवहन द्वारा सम्भव है, जनपद में पक्की सड़कों की लम्बाई निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है।

जनपद में पक्की सडकों की लम्बाई (किमी० में)

क्र० सं०	मद	1986-87	1987-88	1989-90
1	2	3	4	5
1.	**सार्वजनिक निर्माण विभाग के अर्न्तगत—**			
(अ)	राष्ट्रीय राज मार्ग	—	—	—
(ब)	प्रादेशिक राजमार्ग	245	245	310
(स)	मुख्य जिला सड़कें	259	259	117
(द)	अन्य जिला एवं ग्रामीण सड़कें	1293	1359	1463
	योग	1797	1863	1890
2.	**स्थानीय निकायों के अर्न्तगत—**			
(अ)	जिला परिषद	01	01	01
(ब)	महापालिका/नगर पालिका	27	32	32
(स)	नगर क्षेत्र समिति	28	33	33
	योग	56	66	66

1	2	3	4	5
3. अन्य विभागों के अर्न्तगत —				
	वन	323	323	323
	वन	54	54	54
	डी० जी० बी० आर०	377	377	377
		योग 2202	2273	2300

उपरोक्त तालिका में जनपद में निर्मित पक्की सड़कों का विवरण दिखाया गया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क, स्थानीय निकायों के अर्न्तगत निर्मित पक्की सड़कें तथा अन्य विभागों के द्वारा निर्मित सड़कों का विवरण है सार्वजनिक विभाग तथा अब तक 1890 किमी० सड़क का विर्माण किया गया। स्थानीय निकाय द्वारा निर्माण 66 किमी० तथा अन्य विभागों (वन विभाग तथा डी० जी० बी० आर०) तथा 2300 किमी० मार्गों का निर्माण किया गया।

जनपद में विकास खण्डवार पक्की सड़की की लम्बाई को भी निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है कि किसी विकास खण्ड में कितना मार्ग निर्माण हुआ क्योंकि वर्तमान समय में सड़क परिवहन विकास की गति को भी इंगित करता है इस सड़क निर्माण सें ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग आते हैं।

जनपद में विकास खण्डवार पक्की सड़कों की लम्बाई किमी०

वर्ष/विकास	सड़कों की कुल लम्बा.	सा. नि. वि. द्वारा निर्मित सड़कें	सब मद 1000 से कम जन सं. ग्राम	योग सड़कों से जुड़े 1000 से 1499 तक जनसंख्या	ग्रामीण की 1500 से अधिक जन संख्या का
1 2	3	4	5	6	7
1987-88	2202	1797	616	03	02
1988-89	2273	1863	1692	04	04
1989-90	2300	1890	1732	04	04
विकास खण्डवार सड़कों की लम्बाई 89-90 :					
(1) पौड़ी	71	69	82	01	—

1 2	3	4	5	6	7
(2) कोट	86	78	156	—	—
(3) खिर्सू	183	114	212	—	01
(4) पावौ	131	111	79	—	—
(5) कन्जीखाल	98	98	120	—	—
(6) थलीसैंण	183	183	100	—	—
(7) दुगड्डा	323	232	112	02	01
(8) यमकेश्वर	113	113	103	—	01
(9) द्वारीखाल	149	149	138	—	—
(10) लैंसडाउन	214	118	77	01	—
(11) ऐकेश्वर	113	113	88	—	—
(12) पोखड़ा	85	85	57	—	01
(13) रिखणी-खाल	173	131	72	—	—
(14) वीरौंखाल	133	133	77	—	—
(15) नैनीडांडा	179	129	259	—	—
ग्रामीण	2234	1856	1732	04	04
नगरीय	66	34	—	—	—
योग जनपदीय	2300	1890	1732	04	04

उपरोक्त तालिका में जनपद में विकास खण्डवार पक्की सड़कों का विवरण दिखाया गया है। जनपद में सभी विकास खण्डों में सड़क परिवहन विकसित हुआ है। जनपद का कोटद्वार ही एक मात्र रेलवे स्टेशन है। कोटद्वार में दिल्ली एवं लखनऊ सीधी रेल सेवा है। यहां पर सड़क प्रमुख आवश्यकता हो गयी है 1989 तक 2300 किमी ही सड़कों का निर्माण हो पाया है। जनपद में विस्तृत भू-भाग की दृष्टि से अभी सड़कों की लम्बाई का अनुपात बहुत ही कम है जो सड़कें बन चुकी हैं उन सब पर बस सेवायें उपलब्ध हैं। जो जनपद का मात्र 19 प्रतिशत है।

जनपद में मार्च 89 तक कुल वाहनों की संख्या 2670 है, 497 ट्रक, 528 बसें, 260 कारें, 372 टैक्सियां व जीप, 886 मोटर साइकिल स्कूटर, 347 थ्रीव्हीलर तथा अन्य वाहन हैं जिनसे जनपद में यातायात तथा माल ढोने का कार्य किया जाता रहा है।

संचार सेवायें

वर्तमान समय में संचार सेवायें मनुष्य के जीवन में प्रभाव डालती हैं तथा यह मनुष्य के जीवन का महत्व ूर्ण अंग बनती है। जनपद का अधिकांश भाग पर्वतीय एवं पहाड़ी होने के कारण एक भाग से दूसरे भाग में आना जाना बड़ा ही कठिन है। इस समस्या के समाधान में जनपद की संचार सेवायँ महत्वपूर्ण योगदान देती है। निम्नलिखित तालिका से जनपद की संचार व्ययसाय को दिखाया जा सकता है :—

जनपद में विकास खण्डवार संचार सेवायें

वर्ष/विकास खण्ड	डाकघर	तारघर	टेलिफोन	पब्लिक	रेलवे स्टेशन	बस स्टेशन स्टॉप।
1	2	3	4	5	6	7
1. 1987-88	416	59	1169	70	01	228
2. 1988-89	421	১9	1186	70	01	331
3. 1989-90	422	59	1201	70	01	331
विकास खण्डवार संचार सेवायें 1989-90						
1. पौड़ी	21	06	06	06	—	15
2. कोट	21	03	03	03	—	18
3. खिर्सू	30	07	09	08	—	28
4. पावौ	24	02	15	03	—	10
5. कल्जीखाल	23	05	04	05	—	15
6. थलीसैंण	32	01	01	01	—	17
7. दुगड्डा	26	05	104	05	—	54
8. यमकेश्वर	32	03	05	05	—	23
9. द्वारीखाल	40	02	18	04	—	17
10. लैंसडाउन	22	03	04	03	—	21
11. ऐकेश्वर	27	03	12	05	—	16
12. पोखड़ा	14	01	01	01	—	20
13. रिखणीखाल	20	02	02	02	—	21

1	2	3	4	5	6	7
14. वीरौंखाल	38	03	04	03	—	27
15. नैनीडांडा	35	02	04	02	—	21
योग ग्रामीण	405	48	192	56	—	323
योग नगरीय	17	11	1009	14	01	8
जनपदीय योग	422	59	1201	70	01	331

उपरोक्त तालिका में वर्ष 1989-90 के अन्त तक जनपद में 422 पो० औ० जिसमें से 405 ग्रामीण क्षेत्र में 17 नगरीय क्षेत्र में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त 59 तार घर जिसमें 48 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 11 नगरीय क्षेत्र में इसके अतिरिक्त 1201 टेलीफोन जिसमें 192 मात्र ही ग्रामीण क्षेत्र में शेष नगरीय में। ये टेलीफोन नगरीय जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग भी है इसके अतिरिक्त 331 बस स्टेशन, एक रेलवे स्टेशन, जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्थित हैं। जनपद मुख्यालय पौड़ी, एस०टी०डी० सेवा से देश तथा विदेश से जुड़ा हुआ है। यहां से कहीं भी देश तथा विदेश में सीधी बातचीत की जा सकती है।

———

सामाजिक कल्याण कार्यक्रम

आदर्श जलागम प्रबन्ध परियोजना :

जनपद का अधिकांश भाग पर्वतीय होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन भूक्षरण बाढ़ पर्यावरण तथा परिस्थिति की असन्तुलन को ध्यान में रखते हुये जनपद में जलागम प्रबन्ध परियोजना वर्ष 1983–84 से आरम्भ की गयी, यह योजना विश्व बैंक द्वारा पोषित है इस योजना के द्वारा जनपद का 2656 वर्ग किमी० क्षेत्र आता हैं, परि-योजना की अवधि 1992–93 तक है। परियोजना अवधि तक इस योजना के द्वारा लगभग 71.51 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है, जलागम प्रबन्ध परियोजना के अन्तर्गत मुख्यतः वानिकी, कृषि, भूमि संरक्षण, पशुपालन, उद्योग लघु सिंचाई एवं ऊर्जा संरक्षण का कार्य किया जाता है।

परियोजना क्षेत्र को 8 उप जलागम में बांटा गया है जैसे—1. मछलाड़, 2. श्रीनगर, 3. रान्दीगाड, 4. नयार राइट, 5. रुद्रप्रयाग, 6. पश्चिमी नयार, 7. पूर्वी नयार, 8. नयार लेप्ट

परियोजना क्षेत्र के उपरोक्त उप जलागमों का कुल क्षेत्र तथा स्थापना वर्ष निम्न प्रकार है :—

क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ करने का वर्ष	उप जलागम क्षेत्र का नाम	उप जलागमों में सूक्ष्म जलागमों की सं०	कुल क्षेत्रफल हे०
1983–84	1. मछलाड	04	16800
1984–85	2. श्रीनगर	11	36600
1985–86	3. रान्दीगाड	04	16100
1986–87	4. नयार दांया	02	10100
1987–88	5. रुद्रप्रयाग	04	15200
1988–89	6. प० नयार	22	76000
1989–90	7. पूर्वी तयार	19	69000
1990–91	8. नयार बांया	08	25300
योग	8	74	2656000

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि उप जलागम में कितने सूक्ष्म जलागम हैं तथा उप जलागम के अन्तर्गत क्षेत्र कितना है। उप जलागमों का कार्य तथा उपलब्धि क्या है। इसको निम्न विवरण से स्पष्ट किया जा सकता है :

1. वन एवं भूमि संरक्षण :

जनपद में जलागम प्रबन्ध परियोजना द्वारा अब तक वन एवं भूमि संरक्षण कार्यक्रम के तहत 5324 हैक्टिर क्षेत्र में आरक्षित वन 4316 हैक्टियर सिविल वनों को लगाया गया है साथ ही चारा प्रजातियों का विनाश इन जंगलों से किया गया। सिविल सोयम वनों में 2452 हैक्टियर क्षेत्र निजी भूमि व लगभग 1172 हैक्टियर क्षेत्र में चारा प्रजातियों का विकास किया गया। 16131 हैक्टियर भूमि पर उद्यान वृक्षारोपण किया गया। 463 हैक्टियर खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण 1425 है० भूमि पर गाँव के समीप वृक्षारोपण किया गया।

2. भूमि संरक्षण :

उप जलागमों द्वारा भूमि संरक्षण कार्यक्रम के तहत 10983 स्टोन चैक डैम 1993 क्रेट वायर डैम, 102 ड्रोप स्ट्रकअवर डैम बनाये गये। तथा धारदार खेतों को समतल किया गया।

3. उद्यान :

जलागम प्रबन्ध परियोजना के द्वारा 503 है० भूमि पर टाप वार्किंग 617 है० भूमि पर व्यक्तिगत उद्यानों की स्थापना 300 है० भूमि पर पुराने उद्यानों का पुर्नद्वार किया गया। साथ ही 127.97 हजार रुपये के घरवाड़ी दार, फल पौधों का रोपण किया गया।

4. लघु सिंचाई :

जलागम परियोजना के द्वारा लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जनपद में 37.90 किमी० सिंचाई गूलों का निर्माण तथा 278 हौजों का निर्माण किया गया।

5. कृषि :

जलागम परियोजना की कृषि इकाई में जनपद की कृषि में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिये जनपद में 15266 फील्ड ट्रायल 13601/बीच/मिनीकिट वितरित किये गये, 18948 उन्नतशील कृषि यन्त्रों का वितरण किया गया साथ ही जनपद के विभिन्न स्थानों पर 34 स्टोर गोदामों का भी निर्माण किया गया।

6. पशुपालन :

जलागम प्रबन्ध परियोजना ने जनपद में पशुपालन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य

किये इस इकाई ने जनपद में 250 पशु वितरित किये, 20 पशु चिकित्सालय का सुदृढीकरण, 46 हे० क्षेत्र में चारागाह विकास, 4225 चारा मिनीकिट वितरित किये साथ ही जनपद में 2 तरल नाइट्रोजन प्लांटों की स्थापना की गयी ।

7. सौर उर्जा :

जलागम प्रबन्ध परियोजना में सौर ऊर्जा के विकास का कार्य भी किया गया क्योंकि वन विभाग द्वारा वनों की कटाई पर रोक लगी हुई है जिससे ईधन की परेशानियों से बचने के लिये सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया है । इस परियोजना द्वारा जनाद में 5639 धूम्र रहित चूल्हे का वितरण किया गया, 10676 प्रिमगिनी अंगीठी का वितरण किया गया । बायोगैस प्लान्ट स्थापित किये गये साथ ही जनपद में विभिन्न विकाम खन्डों के अन्तर्गत 300 सोलर कुकर भी वितरित किये गये ।

जलागम परियोजना द्वारा जनपद में स्थापना व्यय तथा सभी योजनाओं के विकास पर वर्ष 1888-89 तक 65606 हजार रुपये व्यय किये जा चुके है । इस योजना का जनहित में अधिक विकास सीमान्त कृषक स्तर तक हुआ है ।

सहकारिता

जनपद में वर्ष 1988-89 तक 137 प्रारम्भिक कृषि सहकारी समिति कार्यरत थीं । इन सभी समितियों में 90860 सदस्यत थे तथा 10165 हजार रुपये अंश पूंजी सदस्यों द्वारा समितियों में लगायी गयी थी । 1988-89 में इन समितियों द्वारा 1772 हजार रुपये के अल्पकालीन व 26603 हजार रुपये मध्यकालीन ऋण वितरित किया गया । जनपद में 3 क्रय विक्रय सहकारी समितियाँ भी कार्यरत हैं, जिनमें उक्त अवधि में 1716 सदस्य संख्या थी तथा 3282 हजार रुपये की वस्तुओं का लेन-देन हुआ है, इसके अतिरिक्त 3 संयुक्त कृषि समितियां भी कार्यरत हैं, जिनकी सदस्य संख्या-93 है तथा इन समितियों के अन्तर्गत कुल क्षेत्र 220 हे० हैं ।

जनपद जिला सहकारी बैंक की 17 शाखायें कार्यरत हैं जिनकी सदस्य संख्या--1000 है,इन बैंकों द्वारा 88-89 में 19260 हजार रुपये अल्पकालीन तथा 84559 हजार रुपये के मध्य कालीन ऋण वितरित किये गये ।

जनपद में राज्य सहकारी भूमि विकाम बैंक की दो शाखायें कार्यरत हैं । वर्ष 1987-88 के अन्तर्गत इन शाखाओं द्वारा 1096 हजार रुपये के दीर्घकालीन ऋण वितरित किये गये ।

जल सम्पूर्ति

जनपद में स्वच्छ जल सम्पूर्ति की पूर्ण व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की निकटतम दूरी से जल सम्पूर्ति की गई जिनमें से वर्ष के अन्त तक कुल 430595

जनसंख्या पेयजल सुविधा से लाभान्वित की गयी है, जो कुल जनसंख्या का 62 प्रतिशत है तथा 340 ग्रामों में डिग्गियों का निर्माण तथा 112 गांवों में अन्य साधनों से ग्रामों को पेयजल सुविधा से लाभान्वित किया गया।

उपभोक्ता कल्याण

जनपद में 1988-89 के अन्त तक 846 सस्ते गल्ले की दुकानें कार्यरत थीं। प्रति दुकान 880 जनसंख्या का घनत्व है। सूदूरवर्ती ग्रामों में जनसंख्या का घनत्व तो कम है परन्तु उपभोक्ताओं को 3 किमी० से अधिक दूर उपभोक्ता की सामग्री क्रय करने हेतु जाना नहीं पड़ता है।वर्ष 1986-87 में जिला केन्द्र पर राजकीय कर्मचारियों हेतु सस्ते वस्तुओं को उपलब्ध कराने हेतु कर्मचारियों के लिए कल्याण निगम की जनपद में तीन दुकानें भी खोली गयी हैं।

गृह निर्माण

जनपद में आवास एवं विकास परिषद की कोई योजना नहीं है। वर्ष 1988-89 में निर्बल वर्ग आवास योजना में 2581 भवनों को कार्य पूर्ण कराया गया। 36 इन्दिरा आवास गृह भी निर्मित किये गये। ये सभी कार्य नियोजन विभाग ने अपने विकास खन्ड अधिकारियों के माध्यम से कराये। ये सभी भवन निर्बल वर्ग अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए बनाये गये।

पुलिस एवं अपराध

पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर अपराधियों की संख्या नगण्य ही है। यह जनपद अपराध ग्रस्त जिले की श्रेणी में नहीं आता है। जनपद मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक कार्य करते हैं। जनपद में मात्र 8 पुलिस थाना श्रीनगर, पौड़ी, लैन्सडाउन, कोटद्वार, स्वर्गाश्रम, सतपुली, देवप्रयाग, रूद्रप्रयाग में स्थित हैं। जनपद में सभी वर्ग के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या-509 है जिनमें 6 निरीक्षक, 27 उपनिरीक्षक, 35 कांस्टेबिल 401 पुलिसकर्मी व दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में राजस्व पुलिस के रूप में पटवारी कार्यरत हैं। सामान्यतः यह जनपद शान्ति का प्रतीक है। वर्ष 1988-81 में कुल अपराधों की संख्या-419 थी जिनमें 6 अपराध हत्या के थे।

अग्नि शमन सेवा

जनपद के मुख्यालय पौड़ी में अग्निशमन सेवा केन्द्र कार्यरत है। वर्ष 1988-89 में अग्निकांड की 10 घटनायें हुई थीं। जिनमें 16,540080/की सम्पत्ति क्षतिग्रस्त हुई तथा 29.72920 की सम्पति बचायी गयी।

मनोरंजन

वर्ष 1988-89 तक जनपद में कुल 6 सिनेमागृह जनता के मनोरंजन के साधन

के रूप में थे, इन सिनेमागृहों में 2228 सीटें उपलब्ध हैं। सभी सिनेमागृह नगरीय क्षेत्रों में हैं।

स्टेडियम

जनपद मुख्यालय पौड़ी में रांसी स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है यह स्टेडिमम भारत का सबसे ऊँचाई पर निर्मित होने वाला पहला स्टेडियम है इसके अतिरिक्त कोटद्वार में भी स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है। जनपद के सभी स्कूलों में खेल-कूद की व्यवस्था है। श्रीनगर पौड़ी (कन्डोलिया) एवं कोटद्वार में कई क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगितायें करवायी जाती हैं इसके अतिरिक्त रांसी स्टेडियम में अखिल भारतीय चन्द्रसिंह गढ़वाली फुटबाल प्रतियोगिता करवायी जाती है।

दार्शनिक एवं पर्यटन स्थल

जनपद में पर्यटन की दृष्टि से कई सुरभ स्थल ऊँची-नीची घाटियाँ, सुन्दर जल प्रपात हैं। यहाँ एक ओर जहाँ सुन्दर हिम पर्वतमाला दिखाई देती है वहीं निचली धारियों में मैदानी भाग के दृश्य भी नजर आते हैं। पौड़ी जनपद में मुख्यालय से चौखम्बा (हिमालय की पर्वतीय श्रँखला) के दायें-बायें ओर पर्वत माला का दृश्य बड़ा मनोरंजन एवं दिल को छू लेने वाला लगता है। पौड़ी मुख्यालय में क्यूंकालेश्वर मन्दिर, लक्ष्मी नारायण मन्दिर, धार्मिक स्थल हैं। पौड़ी मुख्यालय से सूर्य का उगना तथा शान्ति होना दोनों ही मनोहर लगते है। श्रीनगर के कमलेश्वर मन्दिर तथा धार्मिक रूप से जाने वाली नदी अलकनन्दा है जिसमें धार्मिक त्योहारों पर लाखों-लाखो उस पवित्र जल में स्नान करते हैं। ऋषिकेश, बद्रीनाथ, आदि आवागमन का केन्द्र है। यह खिर्सू विकास खण्ड का मुख्यालय खिर्सू एक सुन्दर दर्शनीय स्थान है। यहाँ के मनोरंजक दृश्य एवं फलोत्पादन स्वास्थ्य की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं।

वित्तीय संस्थान

किसी भी देश एवं राज्य जनपद तथा गावों के विकास की गति में तेजी एडं बृद्धि करने के लिये बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी भी कार्यक्रम को चलाने के लिए वित्तीय आवश्यकता परम आवश्यक है बिना धन के कोई भी कार्य आज के युग में असम्भव सा है। पौड़ी जनपद में भी बैंकों, सहकारी समितियों, राज्य सरकारी वित्तीय संस्थान, ग्रामीण बैंकों की पौड़ी जनपद के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। जनपद में संस्थागत वित्त से सम्बन्धित शाखाओं को निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है :—

जनपद में विकास खण्डवार बैंक तथा ग्रामीण बैंक संस्था

वर्ष	विकासखण्ड	राष्ट्रीयकृत बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा	अन्य गैर
1	2	3	4	5
1987-88		56	19	
1988-89		56	19	
1989-90		57	55	
विकास खण्डवार 1989-90 :				
	1. पौड़ी	01	01	
	2. कोट	02	02	
	3. खिर्सू	04	02	
	4. पावौ	03	02	
	5. कल्जीखल	01	04	
	6. थलीसैंण	03	04	
	7. दुगड्डा	03	02	

1	2	3	4	5
8. यमकेश्वर		02	04	
9. द्वारीखाल		04	02	
10. लैंसडाउन		01	01	
11. ऐकेश्वर		04	01	
12. पोखड़ा		03	01	
13. रिखणीखाल		01	05	
14. बीरौंखाल		04	02	
15. नैनीडांडा		07	04	
योग ग्रामीण		43	34	
समस्त नगरीय		14	03	
योग जनपदीय		57	37	

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट हैं कि जनपद में 57 व्यवसायिक बैंक कार्यरत हैं, 19 ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं। 25.45 प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों तथा 74.55 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में ये बैंक स्थित हैं। भारतीय स्टेट बैंक की 36 शाखाऐं, पंजाब नेशनल बैंक की 7, कैनरा बैंक की एक, बैंक ऑफ इण्डिया की एक, भू बैंक ऑफ इण्डिया कीएक, 19 अलकनन्दा ग्रामीण बैंक, की एक पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक, की एक सेन्ट्रल बैंक, कार्यरत हैं इसके अतिरिक्त 17 सहकारी बैंक ब एक भूमि विकास बैंक की शाखाएँ जनपद में कार्यत हैं इसके अतिरिक्त जीवन बीमा निगम सम्बन्धी कम्पनियाँ भी जनपद में स्थित है।

उपरोक्त सभी बैंकों में जमा धनराशि एवं ऋण वितरण सम्बन्धी सूचना को निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है :—

जनपद में व्यवसायिक बैंकों में जमा धनराशि एवं ऋण वितरण

क्र०सं०	मद	1987	1988	1989
1	2	3	4	5
1. जमा धनराशि		880792	1075000	1302600
2. कुल ऋण वितरण		254772	269600	309700
3. जमा धनराशि पर ऋण वितरण का प्रतिफल		27.9	25.9	23.8

प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण :

1	2	3	4	5
1.	कृषि तथा कृषि से सम्बन्धित	74214	89000	999000
2.	लघु उद्योग			
3.	अन्य प्राथमिक	2858	11703	104000
4.	कुल ऋण बितरक में प्राथमिक क्षेत्र के ऋण वितरण का प्रतिशत	65.5	71.5	78.0
5.	प्रति व्यक्ति जमा धनराशि	1381	1685	2042
6.	प्रति व्यक्ति ऋण वितरण	385	422	485
7.	प्रति व्यक्ति प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण	25.2	302	377

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि व्यवसायिक बैंकों में जमा धनराशि 1989 तक 1302600 रुपये तथा लगभग 89 को 309700 रुपये ऋण वितरित किए गये। बैंकों के द्वारा जनपद में छोटी-छोटी औद्योगिक इकाइयों के लिए भी ऋण वितरित किए जाते हैं।

रोजगार तथा श्रम

बेरोजगारी एक राष्ट्रीय समस्या है। खेती पर निर्भरता कम होने के कारण इस जिले के लिए यह ससस्या और भी महत्व की है। यहाँ पर उद्योग धन्धों का भी अधिक विकास न होने के कारण बेरोजगारी की समस्या काफी बढ़ी है। जनपद में सेवा योजन कार्यालयों द्वारा किये गये कार्य को निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है—

जनपद में सेवायोजना कार्यालयों द्वारा किया गया कार्य

क्र० सं० पद	1987--88	1988--89	1989--90
1. सेवायोजन कार्यालयों की संख्या	03	03	03
2. जीवित योजना पर अभ्यर्थियों की सं०	24153	25846	28099
3: वर्ष में पंजीकृत अभ्यर्थियों की सं०	6591	7435	8142
4. सूचित रिक्तियों की संख्या	492	464	641
5. वर्ष में कार्य पर लगाये गये व्यक्ति	327	348	536

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद में (तीन) 3 सेवायोजन कार्यालय हैं जहाँ पर लोगों को रोजगार के लिए अपना नामांकन करवाना है। ये तीनों केन्द्र नगरीय क्षेत्र में स्थित हैं। ये केन्द्र हैं—1. सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन गढ़वाल, 2. सेवायोजन कार्यालय पौड़ी नगर, 3. सेवायोजन कार्यालय श्रीनगर गढ़वाल। उपरोक्त तीनों सेवायोजन कार्यालयों में 89-90 तक लगभग 28099 अभ्यर्थी जीवित पंजिका में पंजीकृत हैं और साथ ही सेवायोजन कार्यालय में वर्ष 1989-90 में 8142 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया और वर्ष 1989-90 तक सेवायोजन कार्यालय द्वारा 536 लोगों की रोजगार में लगाया गया।

इसके साथ ही जनपद में जो प्राविधिक शिक्षण संस्थान हैं उनमें तथा सात औद्योगिक शिक्षण संस्थान एक महिला औद्योगिक शिक्षण संस्थान तथा 4 शिक्षण संस्थान के केन्द्र हैं जहाँ पर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार तथा अपने उद्योग को खोलने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

उद्योगों की कमी के कारण अधिकांश बेरोजगारों को सरकारी नौकरियों पर ही आश्रित रहना पड़ता है। यह जनपद मण्डलीय मुख्यालय होने के कारण यहाँ के अधिकांश बेरोजगार युवक युवतियों को सरकारी नौकरियों में ही रोजगार प्राप्त करना पड़ता है।

जनपद में पौड़ी नगर के सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या निम्न तालिका से स्पष्ट की जा सकती है—

जनपद में बेरोजगारी झुकाव

क्र० सं० श्रेणी	1985	1986	86-87	1988	1989	1990
1. निरक्षर	170	46	153	42	137	54
2. साक्षर	2363	2658	2436	2493	3504	3653
3. दसवींपास	2381	2817	2905	1802	3268	5097
4. प्रमाण पत्र धारक	—	—	707	751	782	677
5. डिप्लोमा धारक	55	70	81	63	78	130
6. डिग्रीधारक	421	464	550	417	649	1166
7. कला	388	560	547	613	799	867
8 विज्ञान	64	93	97	35	74	120
9. वाणिज्य	41	63	60	63	102	110
10 कृषि	—	—	—	—	—	08
11. शिक्षा शा०	85	88	115	123	130	163

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद मे दसवीं पास तथा साक्षर श्रेणी में सबसे अधिक बेरोजगार हैं। इसके अतिरिक्त यहाँ पर सभी श्रेणी में बेरोजगारी की स्थिति बढ़ती ही जा रही है। शिक्षा का विकास धीरे-धीरे काफी बढ़ गया है। स्कूलों की संख्या इसके प्रमाण है। जनपद मुख्यालय में ही अधिक बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होता है। जनपद के मुख्यालय के लोग ही अधिक रोजगार प्राप्त करते हैं।

यहाँ पर व्यावसायिक शिक्षा का अत्यधिक प्रचार एवं प्रसार होना आवश्यक है जिससे छात्र शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात स्वयं का व्यवसाय कर सकता है। अपना व्यवसाय होने पर अपने व्यवसाय में एक दो लोगों को भी काम पर लगा सकता है। इससे बेरोजगारो की समस्या खुद व खुद कम होती जायेगी और अध्ययन के साथ-साथ अपने पांवों पर खड़ा हो सकता है क्योंकि यहाँ पर कच्चे माल की काफी प्रचुर मात्रा विद्यमान हैं। यहाँ पर व्यावसायिक शिक्षा के वर्तमान समय में 10 केन्द्र चल रहे हैं इन व्यवसाय किन भिन्ना केन्द्रों में अभी तक न उत्तम प्रशिक्षित अध्यापक और न उपकरण इत्यादि ही में।

सार्वजनिक क्षेत्र में सामान्य सेवायोजन

सार्वजनिक क्षेत्र के सामान्य सेवायोजन को पिछले 85 वर्ष का विवरण निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है—

सार्वजनिक क्षेत्र में सामान्य सेवायोजन

क्र० सं०	क्षेत्र उद्योग मण्डल	दिसम्बर 85	दिस. 86	दिस. 87	दिस. 88	दिस. 89	दिस. 90
1.	कृषि एवं पशुधन	966	921	947	971	1036	1081
2.	विद्युत व जल	623	647	725	805	515	590
3.	निर्माण	429	453	791	682	746	764
4.	यातायात	886	956	985	985	985	841
5.	बैंकिंग	101	113	141	159	182	173
6.	अन्य सेवायें	7794	7840	7979	8006	9157	9113
	योग					12611	12562

उपरोक्त तालिका से जनपद पौड़ी गढ़वाल में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग मण्डल में कुल 12562 व्यक्ति रोजगार में लगे हुए हैं जो उद्योग केन्द्र कृषि, पशुधन, विद्युत जल निर्माण यातायात, बैंकिंग तथा अन्य सेवाओं में कार्यरत हैं।

आँकड़ों का विश्लेषण

जनपद का क्षेत्र विस्तृत एवं पर्वतीय होने के कारण जनपद में उद्योग धन्धों का विकास बहुत ही कम है। किसी भी जनपद के विकास में सड़कों एवं यातायात का बहुत ही अधिक महत्व है। जनपद में सड़कों एवं यातायात का विकास बहुत कम है जिसके कारण यहाँ पर उद्योग विकसित नहीं हो पाये हैं। जनपद का बहुत ही कम भाग मैदानी है यह भाग जनपद के खिर्सू विकास खण्ड में श्रीनगर गढ़वाल तथा दुगड्डा विकास खण्ड में कोटद्वार नामक स्थान है इनमें से कोटद्वार दिल्ली लखनऊ रेल मार्ग से जुड़ा होने के कारण यातायात सुलभ एवं सरल है के कारण यहाँ पर थोड़ी बहुत मात्रा में उद्योग स्थापित हुये हैं। अब श्रीनगर गढ़वाल में भी उद्योग स्थापित हुये हैं। अब श्रीनगर गढ़वाल में भी उद्योग धन्धे विकसित किये जा रहे हैं।

जनपद के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्र कोटद्वार में ही हैं जहाँ पर उद्योग धन्धों का विकास हुआ है वहीं पर जनपद का जिला उद्योग अधिकारी कार्यरत है जहाँ से उद्योगों के लिए मार्ग दर्शन इत्यादि की सुविधा प्राप्त होती है।

जनपद में 1227 लघु औद्योगिक इकाइयाँ कार्यरत हैं जिनमें 5276 व्यक्ति रोजगार में लगे हैं।

जनपद में जितने भी बड़े उद्योग खोले गये हैं उनमें उत्पादित वस्तु का अधिकांश भाग अन्य जनपदों, राज्यों को जाता है कि क्योंकि उनकी उत्पादित वस्तु की माँग जनपद में बहुत ही कम है। बृहत एवं मध्य स्तरीय ईकाइयों में उत्पादित वस्तु की माँग जनपद में ही अधिकांश खपत हो जाती है जनपद में ही बड़ी इकाइयाँ हैं जिनमें से 8 से ही उत्पादन होता है। उनकी उत्पादित सामग्री बाहर ही भेजी जाती है। जनपद का विस्तार बहुत ही अधिक है। यातायात के साधनों की कमी होने के कारण इन इकाइयों की उत्पादित सामग्री कुछ मँहगी होती है, यातायात की सुलभता भी उद्योग धन्धे बढ़ाते है। मांग अधिक होने के कारण उद्योग धन्धे भी अधिक विकसित होते हैं। माँग कम होने के कारण उद्योग धन्धों का विकसित होना भी प्रभावित होता है।

जनपद में उद्योग धन्धों की कमी का मुख्य कारण उपयुक्त व्यक्तियों की कमी का होना भी है क्योंकि जनपद में प्रशिक्षित व्यक्तियों की कमी है यदि कहीं किसी व्यक्ति ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया और प्रशिक्षित हो गया तो वह अन्य स्थान पर चला जाता है वहाँ पर उसे अपने कार्य के मुताबिक कार्य मिल जाता है और पर्याप्त धन भी मिल जाता

है। अगर यहाँ पर कार्य करता है तो उसकी योग्यता के अनुसार उसे कार्य नहीं मिल पाता है और वह जिस कार्य में दक्ष होता है वह कार्य न करके अन्य कार्य करता है जिससे उसकी कार्य क्षमता भी प्रभावित होती हैं और कार्य क्षमता प्रभावित होने के साथ-साथ उसकी कार्य का मूल्य भी नहीं मिल पाता है जिसके कारण वह अन्यत्र जाने के लिये मजबूर हो जाता है।

जनपद में प्रशिक्षित बेरोजगारों, युवकों को स्वतः रोजगार के अर्न्तगत 25000.00, 15000.00, 35000.00 रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। स्वतः रोजगार के अर्न्तगत हाई स्कूल पास बेरोजगार युवकों को उद्योग विभाग द्वारा ऋण दिया जाता है। वर्ष 1988-89 में 173 व्यक्तियों को यह ऋण वितरित किये गये इस पूँजी पर 25 प्रतिशत सरकार अनुदान देती है। तथा दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से शेष पूंजी वापिस की जाती है। इस प्रकार प्रत्येक वर्ष काफी बेरोजगार युवक लाभान्वित होते हैं। उद्योग विभाग इस ऋण वितरण में कुछ आसान शर्तें भी रखती है यहां पर मांग होने के कारण यहाँ का बेरोजगार युवक इस पूँजी से कोई लघु इकाइयां ही लगा पाता है। वह क्षेत्रीय आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही कोई छोटा मोटा ब्यापार या उत्पादित वस्तु को इस पूँजी के द्वारा क्रय कर, अन्यत्र स्थान पर अधिकांश विक्रय करता है। कहा जा सकता है कि जनपद में स्वतः रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं।

जनपद में प्रखण्ड स्तर पर रोजगार की काफी सम्भावनाएं हैं, अगर जनपद स्तर पर उद्योग धन्धों का विकास किया जाये जैसा कि सरकार और उद्योग विभाग की योजना है कि प्रत्येक विकास खण्ड में औद्योगिक आस्थान खोले जायेंगे। अगर भविष्य में उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक आस्थान खोले जाते है तो विकास खण्ड स्तर पर रोजगार की काफी सम्भावनायें बढ़ जायेंगी। जनपद में जो भी औद्योगिक इकाई कार्यरत हैं खपतउनमें बहुत ही कम है। सबसे बड़ी इकाई भारत इलैक्ट्रोनिक्स लिमिटेड बलभद्रपुर कोटद्वार गढ़वाल में हैं उसमें लगभग वर्तमान समय में 482 व्यक्ति रोजगार में लगे हुए हैं और इकाई का अधिकांश रोजगार प्रशिक्षित हैं थोड़ी बहुत मात्रा में कोटद्वार के स्थानीय बेरोजगार युवकों को कम्पनी द्वारा प्रशिक्षित करके रोजगार पर लगाया गया है। अन्य औद्योगिक इकाइयों की यही दशा है, प्रशिक्षित न होने के कारण उद्योगों को चलाने के लिए इकाइयां अन्यत्र से प्रशिक्षित एवं अनुभवी युवकों को रोजगार में लगाती हैं। यहां के बेरोजगारों को पूर्व से उद्योगों का विकास न होने के कारण अनुभव की बहुत ही कमी है। जिससे जनपद में स्थापित इकाइयों को बाहर से ही रोजगार की व्यवस्था करनी पड़ती हैं।

जनपद में व्यवसाय तो नगण्य ही हैं। जनपद में कुटीर उद्योगों में लघु उद्योग अधिक होने के कारण व्यवसाय में लगी जन शक्ति कम ही है या तो उन व्यवसायों में स्वयं ही कार्य कर रहे हैं अथवा एक दो लोग कार्य में लगाये गये हैं। सबसे अधिक खाद्य पर आधारित उद्योग हैं। जो लगभग 236 इकाइयों में है जिनमें आटा चक्की, तथा कन्फैक्शनरी विकास खण्ड स्तर पर हैं शेष सभी नगरीय क्षेत्र की इकाइयां हैं। इन उद्योगों

में व्यवसाय के साथ-साथ रोजगार की अधिकता नहीं होती। शेष पापड़, बड़ी, डबलरोटी लेमन, मिर्च, मसाला, आचार, मुरब्बा, इत्यादि की नगरीय इकाइयां हैं। ये सभी इकाइयां सीमित रोजगार वाली इकाइयां हैं। जितने भी व्यवसाय जनपद में कार्यरत हैं उनमें व्यक्तियों की कमी नहीं है क्योंकि सभी व्यवसाय उतने ही फैले हुए हैं जितना कि उनमें आवश्यकता है। भविष्य में विकास खण्ड स्तर पर उद्योग धन्धे स्थापित होते हैं तो व्यक्तियों की अवश्य ही कमी होगी। जनपद में उद्योग विभाग के अनुसार विकास खण्ड वार औद्योगिक सम्भावनायें दिखायी गयी हैं।

औद्योगिक सम्भाव्यता विकास खण्डवार

क्र.सं.	नाम विकास	संसाधन पर आधारित उद्योग	मांग पर आधारित उद्योग	कुशजता पर अन्य आधारित उद्योग
1	2	3	4	5
1.	दुगड्डा	राइस मिल आयल मिल सोयाबीन का तेल आदि	स्टील फर्नीचर इमारती सामान	प्रेसर कुकर आदि की रिपेयरिंग
2.	यमकेश्वर	बांस बेत दोना पत्ता टोकरी स्टोन क्रेसर	पैकिंग बाक्स मरम्मत आदि	पावरलूम टी.वी हौजरी आदि
3.	जयहरीखाल	वन पर आधारित जड़ी, बूटी पर आधारित	लेदर सोड़ा चमड़े का सामान	इकाइयों का उत्पादन
4.	द्वारीखाल	फूड ब्रिजेखेटस जड़ी बूटी पर आधा.	खिलौने रेडियो टी.वी. सामान	इंक, टूथ पेस्ट मंजन सम्बन्धी
5.	रिखणीखाल	वन की लकड़ी एवं जड़ी बूटी पर आधारित	स्टील फैब्रिकेट्स रेडियो टी.वी.	कीरिपेरिंग
6.	नैनीडांडा	दोनापत्ता, स्टोन क्रेयर, आदि	लेदरसूज स्टील फैब्रिकेशन आदि	वासन बाक्स
7.	वीरौंखाल	कार्डबोर्ड, स्टोनक्रेशर बूटी पर आधारित	रेडिमेड गारमेन्ट	रेडिमेट गारमेन्ट हौजरी
8.	पोखड़ा	सीमेन्ट ब्रिक्स/वन आधा.	पावरलूम कृषि यंत्र	हाजरी उद्योग
9.	कल्जीखाल	जड़ी बूटी पर आधारित	पावरलूम कृषि यंत्र, संयत्र	रेडिमेड

1	2	3	4	5
10.	ऐकेश्वर	जड़ी बूटी पर आधारित	हीटर पिनकुश, टी.वी. सैटस मरम्मत	कृषियंत्र, रेडिमेन्ट
11.	पौड़ी	होजरी रेडिमेडगार्वमेन्ट	पत्तल, रेडिमेड गावमेन्टेस आदि	कृषि, टी.वी. रेडियो रिपेरिंग
12.	पावौ	वनस्पति जड़ी बूटी पर आधारित	कृषियंत्र, पिनकुशन आदि	स्टेपलाइजर, डि. पाउडर
13.	थालीसैंण	फड़प्रिजखौश, वनस्पती एवं जड़ी-बूटी पर आधारित	कृषि यंत्र, रेडियो, रेडिमेड गार्मेन्ट्स	टी.वी. रिपेरिंग आदि
14.	खिर्सू	स्टोन क्रेशर, वनस्पति जड़ी बूटियों पर आधारित	नट बोल्ट स्टील फर्नीचर आदि	लकड़ी के सामान व दोनापत्ता बन.
15.	कोट	स्टोन क्रेशर/वनस्पति जड़ी बूटियों पर आधारित	वालन हीटर पौलीथीन	चमड़े का सामान पैकिंग बाक्सेज

जनपद में उपरोक्त विकास खण्डवार स्थापित हो जाते हैं तो प्रशिक्षित मानव शक्ति की मांग अधिक होगी किसी भी उपयोग इकाई को चलाने के लिए उस उपयोग के बारे में उद्योग खोलने वाले व्यक्ति की पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए नहीं तो वह उद्योग विकसित नहीं हो पायेगा। वर्तमान समय में जनपद में बहुत ही कम प्रशिक्षित व्यक्तियों की मांग है। जनपद में संसाधन पर आधारित उद्योग, मांग पर आधारित उद्योग, कुशलता पर आधारित उद्योगों के लिए प्रशिक्षित जन शक्ति का होना अनिवार्य है।

जनपद में इण्टरमीडिएट कालेज में व्यवसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम (ट्रेड्स) आरम्भ किये जाने चाहिए। जिससे दो वर्ष में विद्यार्थी अपने ट्रेडस के प्रति पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर ट्रेड्स की बारीकियों को जान सके साथ ही जनपद में सभी वर्गों (साहित्यिक, वैज्ञानिक, वाणिज्य, रचनात्मक एवं कृषि) में इण्टरमीडिएट स्तर में शिक्षा की व्यवस्था हो क्योंकि वर्तमान समय में जनपद में साहित्यिक एवं वैज्ञानिक वर्ग के ही अधिकांश विद्यालय हैं कुछ ही विद्यालयों में वाणिज्य वर्ग में भी शिक्षा दी जाती है। इससे सरकार द्वारा चलाये जा रहे सम्पूर्ण 31 ट्रेड्स की व्यवस्था नही हो सकती। अगर सम्पूर्ण ट्रेड्सों की

व्यवस्था हो जाती है तो विद्यार्थी सभी ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और अपने व्यवसाय के प्रति जागरूक हो सकता है।

कृषि वर्ग से सम्बन्धित सभी ट्रेड जनपद के पर्वतीय भाग होने के कारण कुटीर उद्योग धन्धों के रूप में विकसित हो सकते हैं जिनमें मछली पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, फल संरक्षण, बीज उत्पादन, फल सुरक्षा, पौधशाला, एवं भूमि संरक्षण में सभी ट्रेडस जनपद के अधिकतर ग्रामीण विद्यालयों में शुरू किये जा सकते हैं परन्तु जनपद में कहीं भी कृषि वर्ग में शिक्षा आरम्भ नहीं है। जनपद में ग्रामीण विद्यालयों की संख्या अधिक है। नगरीय क्षेत्र में बहुत ही कम विद्यालय स्थित हैं। विद्यालयों की स्थिति दूर-दूर है। आवागमन के साधन सुलभ नहीं हैं। छात्र एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता छात्र के अभिभावक की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह अपने पाल्य को किसी अन्यत्र विद्यालय में पढ़ा सके। इस स्थिति में वह अपने पाल्य को समीप के ही स्थित विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करवाता है। यहां पर व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेडस न होने के कारण वह अपनी रूचि के अनुसार अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकता। इसलिये जनपद के सभी माध्यमिक इण्टरमीडिएट कालेजों में व्यवसायिक शिक्षा के ट्रेडस आरम्भ होने चाहिए जिससे कि वह अपनी क्षेत्र की मांग, संसाधन तथा कुशलता के आधार पर अपना उद्योग स्थापित कर सकता है और अपने व्यवसाय के प्रति स्वयं ही उत्तरदायित्व हो जाता है।

जनपद में वर्तमान समय में 10 विद्यालयों में (राजकीय कन्या इण्टर कालेज पौड़ी, रा० इण्टर कालेज श्रीनगर, रा० इण्टर कालेज देव प्रयाग, रा० कालेज लैंसडाउन, रा० इ० कालेज कोटद्वार, रा० इ० कालेज वेदीखाल, रा० इ० कण्डवा घाटी, रा० इ० का० रिखणी खाल, रा० कन्या इ० कालेज श्रीनगर, रा० कन्या इण्टर कालेज कोटद्वार ही व्यावसायिक शिक्षा दी जाती है। यहां पर विभिन्न ट्रेडों को पढ़ाने के लिए नियमित शिक्षक नहीं हैं। अंशकालिक रूप से शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है जो कि इन ट्रेडों को पढ़ाते हैं। ये शिक्षक जब तक नियमित नहीं हो जाते हैं तब तक इतना ध्यान नहीं देते जितना की इन्हें देना चाहिए। सरकार को चाहिए कि व्यावसायिक शिक्षा को सही रूप में स्थापित करने के लिए इनके लिए नियमित शिक्षक की व्यवस्था करें जो अपने कार्य के प्रति जागरूक हों, तथा पूर्ण रूप से अपने ट्रेड के प्रति प्रशिक्षित हों जिससे वह विद्यार्थियों की अधिक से अधिक ज्ञान देकर शिक्षित बना सके।

जनपद में व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्र अभी पूर्ण रूप से जागरूक नहीं हो पाया हैं क्योंकि इसकी शिक्षा अभी भी सीमित विद्यालयों में दी जा रही है। जिन विद्यालयों में ये ट्रेड्स चल रहे हैं या तो उन ट्रेडों के प्रति छात्र जागरूक नहीं है या उन विद्यालय में वह सभी ट्रेडस नहीं हैं जिनमें कि छात्र रूचि रखता हैं क्योंकि हर मनुष्य की रूचि-भिन्न-भिन्न होती है। अगर विद्यालय में ट्रेड कोई चल रहा है तो छात्र अनिच्छा से उस ट्रेडस को लेता है जो कि उस विद्यालय में चल रहा हैं। जिन विद्यालयों में इस समय

व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड्स चल रहे हैं वहां अध्ययन कर रहे छात्र व्यावसायिक शिक्षा से बड़े प्रसन्न हैं क्योंकि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा का भी अध्ययन करना पड़ रहा है। उससे एक नये विषय का ज्ञान प्राप्त होता है जो कि भविष्य में उनके पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वयं के व्यवसाय करने तथा स्वयं के पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करती है। यह शिक्षा पढ़ाई के बाद स्वयं को तो रोजगार देती हैं वरन् अन्य को भी रोजगार देने में सक्षम हैं। इसके द्वारा स्वयं को एक उद्योग लगाने के लिए प्रोत्सहित करती है जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है वह उस व्यवसाय को वृहत रूप में स्थापित कर सकता है नहीं तो कम से कम किसी के भी व्यवसाय में कार्य करने का अवसर प्रदान करती है।

जनपद में अधिकांश विद्यालय ग्रामीण अंचल में होने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने पाल्यों को इण्टर कक्षा तक पढ़ाने के बाद उन्हें किसी नौकरी अथवा व्यवसाय में लगाने हेतु वाध्य देखे गये है ग्रामीण क्षेत्र में डिग्री कक्षाओं तथा उच्च शिक्षा का न होना इसका प्रमुख कारण है। सभी अभिभावक अपने पाल्यों को दूसरे नगर के विद्यालय में उच्च शिक्षा ग्रहण करने नहीं भेज पाता और कम ही छात्र उच्च शिक्षा के लिए नगरीय विद्यालय में जा पाते हैं। अगर जाते भी हैं तो वह शिक्षा के साथ-साथ कोई रोजगार की तलाश में भी रहते है।

अतः हम कह सकते हैं कि अधिकांश समुदाय के लोग चाहते हैं कि सरकार द्वारा चलायी गयी व्यावसायिक शिक्षा ग्रामीण क्षेत्रीय विद्यालयों के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है क्योंकि इसकी सार्थकता एवं लाभ इसके अध्ययन से स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

———

व्यवसायिक शिक्षा सर्वेक्षण का निष्कर्ष

सम्पूर्ण सर्वेक्षण के आधार पर हम कह सकते हैं कि सरकार द्वारा चलायी गयी व्यावसायिक शिक्षा ग्रामीण क्षेत्रीय विद्यालयों के लिए वरदान सिद्ध होगी तथा इसकी सार्थकता एवं लाभ स्पष्ट रूप से दिखायी पड़ता है।

जनपद में ग्रामीण क्षेत्रीय विद्यालयों की संख्या बहुत अधिक नगरीय विद्यालयों की संख्या बहुत ही कम है जैसा कि जनपद के मानचित्र में शिक्षण संस्थाओं के बारे में लिखा हुआ है, नगरीय विद्यालयों को विकास खण्डवार गिनाया जा सकता हैं।

क्र० सं० विकासखण्डवार	विद्यालयों की संख्या
1. पौड़ी	08
2. कोट	10
3. खिर्सू	16
4. पावौ	11
5. कल्जीखाल	11
6. थलीसैंण	14
7. दुगड्डा	11
8. यमकेश्वर	11
1. द्वारीखाल (ढांगू)	13
10. लैंसडाउन	12
11. ऐकेश्वर	14
12. पोखड़ा	10
13. रिखणीखाल	10
14. वीरौंखाल	22
15. नैनीडांडा	12
योग ग्रामीण	18
योग नगरीय	
कुल योग	203

जनपद में विकास खण्डवार माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या–203 है। जनपदीय सर्वेक्षण द्वारा ज्ञात होता है कि जनपद में वर्तमान समय में रा. इ. का. की संख्या–68 रा० कन्या इण्टर कालेज 06 जनता इ० कालेज 47 एवं जनता कन्या इ० कालेज की संख्या–01 है। कन्या विद्यालय की संख्या बहुत ही कम है उनमें कन्याओं से सम्बन्धित ट्रेड खाद्य संरक्षण पाकशास्त्र, परिधान रचना एवं सज्जा धुलाई, रंगाई, नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, फल संरक्षण आदि ट्रेडों की व्यावसायिक शिक्षा दी जानी चाहिए साथ ही विज्ञान वर्ग छात्राओं को फोटोग्राफी, तथा रेडियों टेलीविजन तकनीकी आदि का भी व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इन विद्यालयों को पर्याप्त उपकरण आदि भीं दिया जाना चाहिए तथा साथ ही इन ट्रेडों को प्रारम्भ करने से पहले भवन इत्यादि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

इसके अतिरिक्त सभी बालक विद्यालयों में भी सभी ट्रेडजनपद की पर्वतीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए खोले जाय इसमें मधुमक्खी, पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा प्रौद्योगिकी, पौधशाला, बीजोउत्पादन प्रौद्योगिकी, रेशमकीट पालन, फल संरक्षण प्रौद्योगिकी एवं भूमि संरक्षण, बुनाई तकनीकी इत्यादि प्रमुख हैं ये सभी ट्रेड ग्रामीण विद्यालयों में खोले जाय क्योंकि जनपद का अधिकांश भाग पर्वतीय है और कृषि को भी बढ़ाया जा सकता है। ये सभी ट्रेड संसाधन पर आधारित हैं इन सभी के प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग हुआ है साथ ही नगरीय विद्यालयों में फोटोग्राफी, रेडियों एवं टेलीविजन, तकनीकी आटोमोबाइल, एकाउटेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिग, आशुलिपि टंकण, सहकारिता, टंकण, पुस्तकालय विज्ञान, टैक्सटाइल डिजाइन, बुनियादी स्वास्थ्य कार्मिक (पुरुष) इत्यादि ट्रेडों के पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने चाहिए।

जनपद में सभी विद्यालयों में व्यावसायिक पाठयक्रम एक साथ प्रारम्भ नहीं हो सकते हैं क्योंकि पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के लिए धन का अत्यधिक महत्वपूर्ण हाथ है। फिर प्रत्येक विकास खण्ड के दो-तीन विद्यालयों में अनिवार्य रूप से व्यावसायिक शिक्षा के पाठयक्रम प्रारम्भ किये जाने चाहिए क्योकि यह जनपद अत्यधिक फैला हुआ है और अभी ग्रामीण तथा शहर से अत्यधिक दूर के विद्यालयों के छात्रों को यह मालूम भी नहीं है कि व्यावसायिक शिक्षा भी कोई शिक्षा है। मात्र शहरी क्षेत्र में अभिभावक तथा व्यावसायिक शिक्षा का अर्थ समझ पाये हैं, उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावक में थोड़ी बहुत रूचि दिखती हैं। सर्वेक्षण के आधार पर यह भी कहना अनिवार्य है कि नगर के बीच स्थित विद्यालयों में बहुत कम छात्र अथवा उनके अभिभावक इस शिक्षा में रूचि रखते देखे गये और वे यह भी समझते है कि इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी अपने व्यवसाय के लिए गांव में नहीं जायेंगे और शहरी क्षेत्र में स्थित व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा में वे टिक नहीं पायेंगे। अतः सरकार का दायित्व बन जाता है कि वे नगर में स्थित विद्यालयों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रीय विद्यालयों को इस व्यावसायिक शिक्षा हेतु प्राथमिकता देने का प्रयास करें।

अत: इस सर्वेक्षण के आधार के अनुसार कहा जा सकताहै कि इस जनपद में व्यावसायिक शिक्षा हेतु चुने गये माध्यमिक विद्यालयों से प्रशिक्षित छात्रों के लिए रोजगार का सुनहरा भविष्य इस जनपद में स्पष्ट है।

वर्तमान समय में विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के द्वारा चुने गये ट्रेड्स इस बात की पुष्टि करते हैं कि उस क्षेत्र विशेष में विद्यार्थियों की रूचि के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के सुअवसर भी प्राप्त होने सुनिश्चित है। जिनमें प्रमुख ट्रेड हैं एकाउन्टेसी, फोटोग्राफी, रेडियों, टी० वी०, बुनाई तकनीकी, आटोमोबाइल, नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षक एवं शिशु प्रबन्ध बुनियादी, स्वास्थ्य क्रमी, टंकण, आशुलिपिक, टंकण, बैंकिग, परिधानरचना एवं सज्जा, पुस्तकालय विज्ञान इत्यादि जो कि जनपद के लिये अति महत्वपूर्ण ट्रेड हैं।

जनपद में व्यवसायिक शिक्षा की सफलता के लिए अत्यधिक धन की आवश्यकता है क्योंकि इसे चलाने के लिए जनपद में पर्याप्त धन तथा उपकरण की आवश्यकता है साथ ही सर्वप्रथम भवन की समस्या है क्योंकि यहाँ पर औपचारिक शिक्षा के संचालन के लिए भी विद्यालयों में पर्याप्त भवन नहीं है जिनमें की नियमित शिक्षा दी जा सके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा की सफलता के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की भी अति आवश्यकता है, जो कि अपनी योग्यता तथा अनुभव के आधार पर कालेज के छात्रों की उस ट्रेड व्यवसाय के प्रति उत्तरदायित्व समझकर अध्यापन करेगा, साथ ही पर्याप्त मात्रा में धन की आवश्यकता होती जिसका भवन उपकरण साज सज्जा-इत्यादि की व्यवस्था की जा सके।

सर्वेक्षण आख्या का सार

जनपदीय सर्वेक्षण आख्या से जनपद के सभी विभागों की प्रगति एवं क्रियाकलापों का उल्लेख सम्भव हो पाया है जिससे हम इस निष्कर्ष पर पहुँच पाते हैं कि जनपद में किस विकास खण्ड में कौन-सा व्यवसाय किया जा सकता है तथा छात्रों को उस व्यवसाय के प्रति जागरुक बनाया जाय जिससे वह अपने स्वयं के पावों पर खड़ा हो सके तथा स्वयं रोजगार करके स्वावलम्बी हो सके तथा पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसाय के प्रति उसमें जागरूकता उत्पन्न हो सके।

अन्वेषकों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के मध्य उस क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों, उद्यानपतियों, व्यावसायियों तथा विशेषज्ञों से व्यावसायिक शिक्षा की उपादेयता एवं जनपद के विकास में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की, जनपद के उद्योगों एवं व्यवसायों का कार्य देखने वाले महाप्रबन्धक औद्योगिक संस्थान कोटद्वार श्री गर्ग का विचार है कि जनपद की भौगोलिक पृष्ठ भूमि में यहाँ वायरिंग, स्टील फर्नीचर, दियासलाई निर्माण, प्लम्बरिंग एवं कम्पनी सेक्रेटिरियल प्रैक्टिस ट्रेडों को भी खोला जाना चाहिए। उ० प्र० सड़क परिवहन निगम कार्यशाला कोटद्वार के फोरमैन श्री सूर्य नारायण चतुर्वेदी ने अपने विचार अत्यन्त स्पष्ट रूप से देते हुए कहा कि जो भी व्यावसायिक शिक्षा जिस भी संस्थान से दी जाय वह स्वागत योग्य हो अधकचरा ज्ञान देकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए। अमर ज्योति पेन्सिल फैक्ट्री के व्यवस्थापक की मजबूरी यह है कि वन निगम से उनके प्रतिष्ठान को पर्याप्त मात्रा में लकड़ी उपलब्ध नहीं होती है जिससे उनका प्रतिष्ठान ह्रासोन्मुखी है। किसानों की आम धारणा है कि हर वर्ष सैकड़ों परिवार उत्पादन की कमी के कारण गांव के गांव बंजर हो रहे हैं, उद्योगपति गमनागमन की कठिनाई की मार से पीड़ित पाये गये, पशुपालकों को चारागाह की कमी खटकती दिखाई दी, उद्योग, बिजली की निरन्तर आपूर्ति के अभाव के चपेट से परेशान बताये गये।

NIEPA DC
D07828

LIBRARY & DOCUMENTATION CEN
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016 D-78
DOC, No ....
Date ....27-12-...